हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 16 मार्च 2026
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 37.4 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री



पीडब्ल्यूडी द्वारा गांधी चौक से तोरवा पॉवर हाउस तक सड़क निर्माण किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 3 घंटे बिजली बंद होने से उपभोक्ता हलाकान

**बिलासपुर।** रविवार को पेड़ों की कटाई करने बिजली विभाग ने करीब 3 घंटे तक बिजली बंद रखा, शनिचरी, गोलबाजार, मसानगंज, सरजू बगीचा गली, सिटी कोतवाली में बिजली बंद रही है। दिन का तापमान 38 से 40 डिग्री के करीब जा पहुंचा है। ऐसे में बिना पंखे और कूलर के कहीं भी चैन नहीं है। वहीं गर्मी आते ही बिजली विभाग द्वारा मेंटनेंस का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे उपभोक्ताओं को हलाकान होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि सड़कों पर लगे पेड़ों की डंगाल काटने और लाइनों को दुरूस्त करने के लिए गोल बाजार फीडर, शनिचरी फीडर के अंतर्गत बिजली बंद रही।

### पाइप लाइन सुधारने खोद दिया गड्ढा



**बिलासपुर।** पाइप लाइन सुधारने के लिए नगर निगम ने मसानगंज मुख्य सड़क पर गड्ढा कर दिया है। मंगलवार को जेसीबी की मदद से गड्ढा किया गया था, लेकिन इसके बाद से सड़क चलने लायक नहीं बची है। गड्ढें से होकर गाड़ियां नहीं गुजर पा रही है, ऐसे में सरजू बगीचा की ओर जाने वाले मार्ग में लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मलबे के तौर पर गड्ढा पाटा गया है लेकिन सही तरह का मरम्मत नहीं होने के कारण पुनः परेशानी झेलनी पड़ेगी।

### आंगनबाड़ी सहायिका के भर्ती आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा द्वारा जारी सूचना के अनुसार वार्ड क्रमांक 7 कालिका नगर एवं वार्ड क्रमांक 10 भक्त कंवर राम वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 16 मार्च से 30 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया और जानकारी के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध यूजर मैनुअल का भी उपयोग कर सकते हैं। इस संबंध में सूचना आयुक्त नगर पालिका निगम बिलासपुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत बिल्हा तथा एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा कर दी गई है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 1 अप्रैल तक

**बिलासपुर।** भारतीय थल सेना (अग्निवीर) में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवाओं से 1 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन मंगाया गया है। इसमें पुरूष अभ्यर्थी जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, ट्रेडमैन एवं महिला अभ्यर्थी सेना पुलिस तथा स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा 17.5 से 22 वर्ष एवं आवेदन शुल्क 250 रुपए निर्धारित किया गया है। आवेदन वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 10 जून 2026 तक होने की संभावना है। जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212, 2965214 एवं जिला रोजगार कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

## महंगी हरियाली...



बिलासपुर। जिले के तखतपुर, कोटा, बिल्हा, मस्तूरी ब्लाक में इस साल भी बड़े पैमाने पर रबी के धान की खेती की गई है, इन दिनों जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे वैसे किसानों के खेतों में रबी के धान की हरियाली गहराती जा रही है। हालांकि यह हरियाली काफी महंगी है। रबी के इस धान की सिंचाई के लिए धड़ल्ले से ट्यूबवेल चल रहे हैं, भूजल के अधाधुंध दोहन से तखतपुर और बिल्हा ब्लाक में पानी का संकट भी गहराता जा रहा है। इस साल रबी के धान के रकबे को देखते हुए अप्रैल मई में ग्रामीण इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मचने की आशंका जताई जा रही है।

## जबरदस्त गर्मी के बाद शाम को छाए बादल

**बिलासपुर।** गर्मी मार्च में ही तीखे तेवर दिखा रही है। रविवार को अधिकतम तापमान शनिवार की तुलना में 2 डिग्री नीचे पहुंचा इस दौरान 37.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। जहां सुबह से ही तेज धूप निकली और गर्मी से हाल बेहाल होता रहा, वहीं शाम होते ही आसमान में बादल छाने लगे और कुछ बादलों से गडगड़ाहट होने लगी, कुछ क्षेत्रों में बिजली चमकने की बात भी सामने आई है।

■ **बिजली भी चमकने लगी**

रविवार की सुबह से ही सूरज की चमक ने सभी को बेहाल कर दिया। दिन का तापमान भी अन्य दिनों की तरह अधिकतम साबित हुआ लेकिन शाम 4 बजे के बाद मौसम का मिजाज बदलने लगा और आसमान पर बादल छाने लगे। देखते ही देखते तेज हवाएं चलने लगी और तापमान में कमी आई। शाम 6 बजे के करीब तेज गर्जना होने लगी और बिजली भी चमकने लगी। आसपास के कुछ जगहों पर बुंदाबांदी भी हुई है। मौसम जानकारों के अनुसार तापमान में बढ़त के कारण लोकल सिस्टम एक्टिव है, ऐसे में आने वाले एक दो दिन आसमान पर बादल छा सकते है लेकिन गर्मी से निजात मिलना मुश्किल है।

### रात भर चोर गिरोह मचाता रहा आतंक

# 5 नकाबपोश चोरों ने दरवाजा फाड़कर तीन मकानों में की लाखों रुपए की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात 5 सफेद कपड़ा पहने नकाबपोशों ने मोपका क्षेत्र में जमकर आतंक मचाया। नकाबपोशों ने दरवाजा फाड़कर तीन सूने मकानों से लाखों के जेवर, बाइक व नकद की चोरी कर आसानी से भाग गए। रात्रि गश्त पर निकले पुलिस कर्मियों को इस वारदात की भनक तक नहीं लगी। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

मोपका क्षेत्र के चिल्हाटी मोड़ विवेकानंद रेसीडेंसी निवासी घनश्याम कुमार ने बताया कि उनके गांव के बड़े भाई इंजीनियर नितेश रंजन कालोनी में रहते हैं। पिछले 8 दिन से श्री रंजन मकान के दरवाजे में ताला लगाकर बिहार औरंगाबाद चले गए हैं। 15 मार्च की सुबह 8.30 बजे उन्हें कालोनी के लोगों ने सूचना दी कि श्री रंजन के घर में चोरी हो गई है। वे उनके घर गए तो पता चला कि दरवाजा काटकर सेंट्रल लॉक तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। उन्होने मोबाइल में श्री रंजन को घर में चोरी होने की सूचना दी। श्री रंजन ने अपने मोबाइल से घर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखकर घर से 4 लाख रुपए के जेवर चोरी होने की जानकारी दी है। उनके लौटने के बाद चोरी गए जेवरों का आंकलन हो पाएगा। उन्होंने चोरी की सूचना मोपका पुलिस सहायता केंद्र को दी। उसके बाद पुलिस मकान का मुआयना करना कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों के पतासाजी में जुट गई है।

### महिला के घर से जेवर नकद चोरी

विवेकानंद रेसीडेंसी निवासी विमला धूरी सास की मृत्यु होने पर घर के दरवाजे में ताला लगाकर चकरभाठा बोदरी चली गई थीं। उनके सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर 5 हजार रुपए नकद, 10 तोला चांदी का पायल, बिछिया,अंगूठी चोरी कर लिया है। इसी तरह अरपा विहार निवासी आशीष बांधे के घर से चोरों ने बाइक चोरी कर लिया है।

**चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद**



मकान का दरवाजा तोड़ते नकाबपोश।



### चोरी करने के लिए पहनी सफेद ड्रेस

चोरी करने के लिए तीन युवक श्री रंजन के घर में घुसे उन्होंने खास सफेद रंग की कपड़ा व टोपी पहनी थी। उसी भेषभूषा में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। तीनों मकानों में चोरी करते यही गिरोह नजर आ रहा है।

### तीन माह में दूसरी बार बड़ी चोरी

घनश्याम कुमार ने बताया, तीन माह पहले भी श्री रंजन के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। उस दौरान भी चोर उनके मकान से 3 से 4 लाख रुपए का सामान चोरी कर भाग गए थे। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई और फिर से उनके मकान में बड़ी चोरी हो गई है।



**आरी व अन्य औजार से दरवाजा काटा**

सीसी टीवी फुटेज में दो बाइक में 5 लोग आते दिख रहे हैं, सुबह 4.12 बजे तीन लोग सफेद पोशाक में श्री रंजन के घर बाउंड्रीवाल कूदकर अंदर जाते और आरी सहित अन्य औजार से आराम से दरवाजा काटकर कर सेंट्रल लॉक तोड़कर अंदर घुसते नजर आ रहे हैं, नकाबपोश सुबह 4.19 बजे चोरी करने के बाद दरवाजा बंदकर बाउंड्रीवाल कूदकर भागते नजर आ रहे हैं।

### गाउन मुखौटा गिरोह का सुराग नहीं

26 मई 2025 को मस्तूरी जयरामनगर में 4-5 लोगों ने गाउन व चेहरे में मुखौटा लगाकर संजय ज्वेलर्स से 2 लाख 40 हजार के जेवर की चोरी की थी। इसके अलावा 22 मई को मोपका क्षेत्र के गणेशवेली, महावीर सिटी के तीन मकान व तोरवा क्षेत्र के दो मकानों से लाखों का सामान चोरी कर लिया गया था। सभी जगहों पर एक ही गिरोह के द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया था। 11 माह बाद भी पुलिस चोर गिरोह का सुराग नहीं लगा पाई है।

### तीन मकानों में चोरी हुई है

5 लोगों ने तीन मकानों में चोरी की है। मकान मालिक इंजीनियर के आने के बाद चोरी गए सामान का आंकलन हो पाएगा। एक महिला के मकान से नकद चांदी के जेवर व एक अन्य मकान से बाइक चोरी हुई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पतासाजी की जा रही है।

- **ओंकारधर दीवान,** मोपका पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी

## गाड़ी छोड़कर भागे तस्कर 40 किलो गांजा जब्त

**बिलासपुर।** पेंडारी मोड़ पर गांजा तस्कर गाड़ी छोड़कर भाग गए, जानकारी मिलने पर पुलिस ने तलाशी ली तो उसमें 40 किलो गांजा मिला। पुलिस ने गांजा सहित गाड़ी जब्त कर लिया है।

15 मार्च को सकरी टीआई विजय चौधरी को सूचना मिली कि ग्राम पेण्डारी मोड़ में 14 मार्च की शाम से एक पिकअप खड़ा है और गाड़ी से दुर्गंध आ रही है। श्री चौधरी स्टाफ के साथ मौके पर गए तो गाड़ी से गांजे की तेज गंध आ रही थी। पुलिस ने गाड़ी खोलकर तलाशी ली तो उसमें कुछ नहीं मिला। भारी मशक्कत के बाद गाड़ी के नीचे चेम्बर नजर आया। चेम्बर तोड़ने पर उसमें अलग अलग पैकेट में 40 किलो गांजा मिला है। पुलिस गांजा सहित गाड़ी जब्त कर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस गाड़ी नम्बर के आधार पर मालिक की पतासाजी कर रही है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से देर रात तक शहर व ग्रामीण इलाके के चौक चौराहे पर विशेष रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बेरीकेटिंग कर सभी वाहनों को रोककर जांच की जाती है और गाड़ी चलाने वालों की ब्रीद एनालाइजर से चालक की जांच की जाती है। पुलिस के इस वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने के भय से गाड़ी छोड़कर तस्करों के भाग जाने की संभावना जताई जा रही है।





■ **गाड़ी के नीचे गांजा रखने बनाया गया था चेम्बर**

### 21 दिन में टास्क फोर्स नहीं कर पाई कार्रवाई

23 फरवरी को मादक पदार्थ की तस्करी संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए टीआई अनिल अग्रवाल के नेतृत्व में 9 सदस्यी टीम का गठन किया गया था। इन 21 दिनों में टास्क फोर्स एक भी कार्रवाई नहीं कर पाया है, जबकि जिले से बेधड़क गांजा व नशीले इंजेक्शन व टेबलेट की तस्करी हो रही है।

## छापामार कार्रवाई में जूना बिलासपुर से 6 सिलेंडर जब्त

**बिलासपुर।** खाद्य विभाग की टीम ने सूचना प्राप्त होने के आधार पर जूना बिलासपुर में हर्ष स्टोर्स नामक दुकान एवं दुकान के संचालक हर्ष गुप्ता के घर में छापा मारकर अवैध रूप से रखा हुआ 6 नग घरेलू सिलेंडर जब्त किया है।

■ **रिफिलिंग यंत्र हैंगिंग वेइंग भी जब्त**

इसके अलावा दो नग पीतल का रिफिलिंग यंत्र व 50 किलोग्राम क्षमता वाली एक हैंगिंग वेइंग मशीन की भी जब्ती की गई है। जिसका उपयोग अवैध रिफिलिंग के लिए किया जाता था। जब्त की गई सारी सामग्री अभिनव गैस एजेंसी के सुपुर्द की गई है। खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने बताया कि अब तक खाद्य विभाग द्वारा अलग अलग पांच प्रकरणों में 210 सिलेंडरों की जब्ती की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से युद्ध के कारण गैस सिलेंडरों की सप्लाई बाधित होने की आशंका जताई जा रही है, इसके चलते गैस एजेंसियों में ग्राहकों की कतार लगने लगी है। शहर में गैस सिलेंडरों की ब्लैक मार्केटिंग भी होने लगी है। जिला प्रशासन की टीम शिकायतों के आधारपर अलग अलग जगह छापेमारी कर रही है।

### बीबीए, बीसीए, बी.कॉम की डिग्री वालों के लिए भी अवसर उपलब्ध

# एसईसीएल में 1600 अप्रेंटिस भर्ती के लिए आवेदन कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देश की सबसे बड़ी कोल कंपनियों में शामिल साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल ने वर्ष 2026–27 के लिए 1600 अप्रेंटिस के प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह प्रशिक्षण कंपनी की विभिन्न भूमिगत एवं ओपन कास्ट खदानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में एक वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा।

जारी अधिसूचना के अनुसार ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए 500 पद तथा टेक्नीशियन अप्रेंटिस के लिए 1100 पद निर्धारित किए गए हैं। इनमें खनन, सिविल, विद्युत, यांत्रिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग सहित बीबीए, बीसीए, बी.कॉम और बीएससी (केमिस्ट्री) जैसे विषयों के अभ्यर्थियों के लिए भी अवसर उपलब्ध हैं। विशेष रूप से टेक्नीशियन अप्रेंटिस खनन इंजीनियरिंग के लिए सर्वाधिक 900 पद निर्धारित किए गए हैं, जो खनन क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसमें स्नातक अप्रेंटिस खनन इंजीनियरिंग के 200 पद, स्नातक अप्रेंटिस सिविल इंजीनियरिंग के 20 पद, स्नातक अप्रेंटिस विद्युत इंजीनियरिंग के 30 पद, स्नातक अप्रेंटिस यांत्रिक इंजीनियरिंग के 30 पद, स्नातक अप्रेंटिस इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग के 10 पद, स्नातक अप्रेंटिस प्रशासन बीबीए के 25 पद, स्नातक अप्रेंटिस कम्प्यूटर एप्लीकेशन बीसीए के 100 पद, स्नातक अप्रेंटिस वाणिज्य बीकॉम के 50 पद, स्नातक अप्रेंटिस विज्ञान बीएससी केमिस्ट्री के 35 पद, टेक्नीशियन अप्रेंटिस खनन इंजीनियरिंग के 900 पद, टेक्नीशियन अप्रेंटिस खनन सर्वेक्षण के 40 पद, टेक्नीशियन अप्रेंटिस सिविल इंजीनियरिंग के 40 पद, टेक्नीशियन अप्रेंटिस विद्युत इंजीनियरिंग के 50 पद, टेक्नीशियन अप्रेंटिस यांत्रिक इंजीनियरिंग के 50 पद, टेक्नीशियन अप्रेंटिस इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग के 20 पद सहित कुल 1600 पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार एनएटीएस 2.0 पोर्टल डब्लूडब्लूडब्लू. एनएटीएस. एजुकेशन. इन पर पंजीकरण करने के बाद एसईसीएल की आधिकारिक वेबसाइट एसईसीएल. सीआईएल. इन पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से 17 मार्च से 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।




## बिलासपुर की उपेक्षा, रायपुर को मिल रही फ्लाइट

**बिलासपुर।** अलाइंस एयर द्वारा रीवा से रायपुर फ्लाइट शुरू होना बिलासपुर समेत छत्तीसगढ़ के अन्य एयरपोर्ट के लिए सीधा नुकसान है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि बिलासपुर की उपेक्षा लगातार हो रही है। रायपुर में इंडिगो एयर, स्टार एयरवेज जैसी प्राइवेट एयरलाइंस कंपनी सेवा दे रही है। ऐसे में अलायंस एयर द्वारा छोटी दूरी की यात्राएं भी रायपुर से करना बिलासपुर समेत अंबिकापुर, जगदलपुर जैसी एयरपोर्ट के लिए नाइंसाफी है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि देश में लगभग 750 यात्री विमान है जिनमें से 650 के लगभग ऐसे विमान है जो 2200 मीटर या अधिक बड़े रनवे पर ही उतर सकते हैं, अर्थात लगभग 100 यात्री विमान ही ऐसे हैं जो बिलासपुर के 1500 मी का रनवे में उड़ान संचालित कर सकते हैं। अलाइंस एयर के पास एटीआर विमान है। इसी कारण कंपनी बिलासपुर में हवाई सुविधा दे रही है। केंद्र सरकार के अधीन इस कंपनी के द्वारा बड़े विमान संचालित नहीं की जाती है, ऐसे में दिल्ली से रीवा आने वाली फ्लाइट को बढ़ाकर रायपुर तक किया जाना और बिलासपुर को छोड़ देना समझ से परे है।

समिति ने कहा कि बिलासपुर में पर्याप्त हवाई सुविधा देने के लिए इंडिगो एयरलाइंस की सेवा लेनी चाहिए। जिसके पास 300 विमान में से 40 विमान एटीआर हैं। राज्य सरकार की सब्सिडी सीधे अलाइंस एयर को देने के बजाय ओपन टेंडर किया जाना आवश्यक हो चुका है। इसमें इंडिगो एवं अन्य कंपनियां भी भाग लेंगी।

## खबर संक्षेप

### प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में एसएलपी पर की गई चर्चा



**बिलासपुर।** रविवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के कर्मचारी भवन बिलासपुर में छत्तीसगढ़ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष विजय लहरे की अध्यक्षता में संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। संघ की लंबित पदोन्नति की मांग के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित राज्य शासन एवं छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक संघ के द्वारा दायर एसएलपी पर अंतिम सुनवाई के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उक्त दोनों एसएलपी को निरस्त करने पर हर्ष व्यक्त कर न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उच्च न्यायालय ने याचिका में 7 अप्रैल 2022 को निर्णय देते हुए राज्य शासन के अध्यादेश 4 दिसंबर 2018 को निरस्त अल्ट्रा वायरस कर दिया। इस निर्णय के विरुद्ध छत्तीसगढ़ शासन एवं कृषि स्नातक संघ द्वारा पृथक पृथक एसएलपी सर्वोच्च न्यायालय में दायर की थी, सर्वोच्च न्यायालय में अंतिम सुनवाई दिनांक 12 मार्च 2026 को उक्त दोनों एसएलपी खारिज कर दी गई है। लंबित अवधि के दौरान संचालक कृषि द्वारा की गई कुल 582 पदोन्नति स्वमेव निरस्त हो गई है। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, जिला अध्यक्ष किशोर शर्मा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के संरक्षक एमपी आड़े, संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय लहरे, आरएल गुप्ता, राजेंद्र वर्मा, मनोज कुमार, डीपी सूर्यवंशी, सुश्री गीता चौरसिया, श्रीमती अनीता सोनी, विजय धीरज, नलिनी चंद्राकर, जेएस मरकाम,, राजेश परसराम भारद्वाज, पीडी दोहरे, कुंजबिहारी, जेस नाटिया, ओपी डहरिया, अरुण एका, अश्वनी कुर्रे, नरेश बघेल, फूल कुमारी नरेटी, रोहिणी मेश्राम, फिलोमिना खाका सहित सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित थे।

### नेता प्रतिपक्ष को भेंट किया गया पद्मश्री पंडित श्यामलाल चतुर्वेदी स्मृति ग्रंथ



**बिलासपुर।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत के रविवार को बिलासपुर आगमन पर उन्हें पद्मश्री पंडित श्यामलाल चतुर्वेदी स्मृति ग्रंथ भेंट किया गया। 20 फरवरी को पद्मश्री पंडित श्यामलाल चतुर्वेदी जन्म शताब्दी समारोह समिति द्वारा पंडित चतुर्वेदी की स्मृति में स्मृति ग्रंथ का प्रकाशन एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया था। स्मृति ग्रंथ का प्रकाशन वरिष्ठ पत्रकार रुद्र अवस्थी के संपादकत्व में किया गया। डॉ.महंत को स्मृति ग्रंथ समिति की ओर से संयोजक सूर्यकांत चतुर्वेदी एवं अंबर चतुर्वेदी ने भेंट किया। इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय केशरवानी, ओम पांडे, ब्रह्मदेव सिंह आदि उपस्थित थे।

### मनरेगा बचाओ, अफीम की खेती के विरोध कांग्रेस का विस घेराव 17 को

**बिलासपुर।** कांग्रेस द्वारा 17 मार्च को मनरेगा बचाओ, छत्तीसगढ़ में भाजपा नेताओं के द्वारा अफीम की खेती, बढ़ती नशाखोरी, गैस सिलेंडर की कमी व कालाबाजारी, भ्रष्टाचार,



बिजली के बढ़ते दाम, बढ़ते अपराध, हत्या, चाकू बाजी जैसे जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इसी संबंध में रविवार को कांग्रेस भवन में विशेष बैठक रखी गई, इसमें प्रदेश कांग्रेस सह -प्रभारी विजय जांगिड़, शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में कहा गया कि बिलासपुर जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस जन 17 मार्च को रायपुर पहुंचेंगे और जिले के सभी विधानसभा प्रभारी ये सुनिश्चित करेंगे कि अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस के साथी रायपुर पहुंचें और विधानसभा का घेराव करें। बैठक के बाद कांग्रेस जन ने एलपीजी की वर्तमान स्थिति, बड़े स्तर पर हो रही काला बाजारी के विरोध में नेहरू चौक में एलपीजी गैस सिलेंडर को फूल माला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी गई। आज के कार्यक्रम में विजय जांगिड़, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुबोध हरितवाल, सिद्धांशु मिश्रा, महेंद्र गंगोत्री, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, विजय केशरवानी, विजय पांडे, सियाराम कौशिक, राजेंद्र शुक्ला, राजेंद्र साहू , रामशरण यादव, प्रमोद नायक, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जिला उपभोक्ता आयोग ने मनाया विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अनुशंसा पर 15 मार्च को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने व उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देने पर विशेष जोर दिया गया। जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य आलोक पाण्डेय एवं पूर्णिमा सिंह ने उपस्थितजनों को उपभोक्ता अधिकारों, संरक्षण अधिनियम, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया व उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए उपलब्ध विधिक उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। किसी भी प्रकार की अनुचित व्यापारिक प्रथा व सेवा में कमी होने पर उपभोक्ता आयोग का सहारा लेना चाहिए। कार्य को सफल आयोजन में आयोग के कर्मचारियों सूर्य प्रताप सिंह, शरद यादव, राजेश पाण्डेय, धर्म सिंह, विशेष, सुखीराम, सोनम साहू, अयोध्या, सुनील एवं राज का विशेष योगदान रहा है।

---

**फरवरी से प्रारंभ किया गया काम मई तक पूरा होगा** | बिलासपुर-रायपुर रोड को चकाचक करने में जुटा एनएचएआई

# बिलासपुर-सिमगा फोरलेन सड़क के बदले जा रहे ढाई हजार कांक्रीट पैनल

**बिलासपुर।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया बिलासपुर से रायपुर के बीच खराब सड़क को चकाचक करने में जुटा हुआ है। इसके अंतर्गत सड़क के खराब हो चुके हिस्से व क्रेक हो चुके कांक्रीट पैनलों को उखाड़कर नए सिरे से ढलाई की जा रही है। विभाग के अनुसार सिमगा से बिलासपुर के बीच करीब ढाई हजार पैनल ऐसे हैं, जिन्हें उखाड़कर नए सिरे से ढालने की जरूरत पड़ेगी। यह कार्य मई महीने तक तक हर हाल में पूरा कर लेने का टारगेट रखा गया है।

बिलासपुर से रायपुर के बीच आवागमन के दौरान खस्ताहाल सड़कों से हलाकान होने वाले वाहनचालकों को जल्द ही इससे निजात मिलने वाली है। एनएचएआई क्षतिग्रस्त सड़क के सुधार को लेकर युद्ध स्तर पर जुटा नजर आ रहा है। इस मार्ग पर कई बार सुधारे जा चुके कांक्रीट के पैनलों को और सुधारने के बजाय विभाग द्वारा नए सिरे से ढलाई की जा रही है। इसके अंतर्गत



बिलासपुर से सिमगा के बीच सत्तर किलोमीटर की दूरी में करीब ढाई हजार कांक्रीट पैनलों का चिंन्हांकन किया गया है, जिनमें क्रेक आने के कारण उखाड़कर नए सिरे से ढलाई की जानी है। इस दौरान कई स्थानों पर रोड भी डायवर्ट किए गए हैं। विभाग द्वारा कांक्रीट पैनलों की ढलाई का यह कार्य फरवरी महीने से प्रारंभ किया गया है, जो कि मई महीने के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। विभाग द्वारा बारिश प्रारंभ होने के पहले-पहले तक इस सड़क का सुधार शत-प्रतिशत पूरा कर लिए जाने का टारगेट रखा गया है, ताकि बारिश के दौरान इस मार्ग पर आवागमन करने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### कांक्रीट पर सैकड़ों क्रेक दुर्लभ था आवागमन

बिलासपुर से रायपुर के बीच सड़क पर सैकड़ों की संख्या में क्रेक आ चुके थे। कई स्थानों पर तो कांक्रीट पर आए क्रेक अधिक मोटाई में थे, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी। अधिक मोटाई वाले क्रेक से विशेषकर दुपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना का भय रहता था। क्रेक के बीच पहिया फंसने या स्लिप होकर सड़क पर गिरने जैसी स्थिति निर्मित होती थी। ऐसा बिल्कुल नहीं है कि सड़क का सुधार पहले नहीं कराया गयाा था। यह सड़क कई बार सुधारी जा चुकी थी, लेकिन वह सुधार आंशिक होता था। इस बार सड़क को पूरा उखाड़कर नए सिरे से ही ढाला जा रहा है।

### गारंटी समाप्त, एनएचएआई करा रहा काम

बिलासपुर-रायपुर के बीच फोरलेन सड़क का निर्माण कुछ वर्षों पहले कराया गया था। निर्माण पूरा होने के अगले चार वर्षों तक सड़क के मेंटेनेंस की जवाबदारी संबंधित ठेकेदार की थी। चूंकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार चार वर्ष की अवधि पूरी हो चुकी है, जिससे अब इस सड़क के सुधार का जिम्मा एनएचएआई का है। इसी के अंतर्गत एनएचएआई द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

### मई तक पूरा होगा काम

सिमगा से बिलासपुर के बीच क्रेक हो चुके लगभग ढाई हजार कांक्रीट पैनलों को उखाड़कर नए सिरे से ढाला जा रहा है। फरवरी में प्रारंभ किया गया यह कार्य मई महीने तक पूरा कर लिया जाना है, ताकि बारिश के पहले तक सड़क सुलभ और सुरक्षित आवागमन के लायक बन सके।

-राजेश्वर सूर्यवंशी, मैनेजर, नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया

---

**मांसाहारी वन्यप्राणियों के केज में कूलर और शाकाहारी के केज में स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव**

# गर्मी शुरूः वन्यप्राणियों को मिलने लगी ठंडक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी में कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र के अंदर वन्यप्राणियों को बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। इसके तहत मांसाहारी वन्यप्राणियों के केज में कूलर और शाकाहारी वन्यप्राणियों के केज में स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव करने के साथ ग्रीन नेट और पैगोड़ा भी लगाए गए हैं, ताकि गर्मी में वन्यप्राणियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

मार्च के पहले सप्ताह से भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। दोपहर की तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण लोग अपने घरों से निकलना नहीं चाह रहे हैं। गर्मी में कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र के अंदर रहने वाले वन्यप्राणियों को भी काफी परेशानी होती है। भीषण गर्मी से बचाव करने के लिए कानन प्रबंधन ने सभी वन्यप्राणियो के लिए अलग-अलग व्यवस्था की है। इसमें मांसाहारी वन्यप्राणी यानि लायन, टाइगर व अन्य के लिए बनाए गए केज में कूलर, पंखे और खस लगाए गए हैं, जिसमें पानी लगातार भरा जाता है। इसके अलावा पक्षियों के केज में खस लगाया गया है, जिसमें प्रतिदिन तीन से चार बार पानी का छिड़काव होता है। सबसे अधिक पानी मांसाहारी वन्यप्राणियों के केज में उपयोग हो रहा है। टाइगर और तेंदुआ के केज में पाइप से चार से पांच बार पानी डाला जाता है। वहीं चीतल, नील गाय सहित अन्य शाकाहारी वन्यप्राणियों के केज में स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जिसमें पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

#### यह भी की गई है व्यवस्था

- इंक्लोजर के ऊपर 70 से 90 फीसदी छाया वाले ग्रीन नेट लगाए गए हैं।
- पक्षियों के केज में ग्रीन नेट के साथ खस घास की चटाई लगाकर प्रेशर पंप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।
- सांप के केज में गेहूं की बुआई कर जवारा तैयार किया गया है।
- रेस्क्यू केन्द्र में वन्यप्राणियों के शावकों के लिए कूलर लगाए गए हैं।
- जू के वन्यप्राणियों को ठंडक पहुंचाने के लिए ग्रीन शेड व खस की पूरी व्यवस्था की गई है।

#### धूप से बचने पेड़ का सहारा

भीषण गर्मी का असर वन्यप्राणियों पर भी हो रहा है। वन्यप्राणी गर्मी और दोपहर की तेज धूप से बचने के लिए पेड़ का सहारा लेने लगे हैं। घास मैदान मे विचरण करने वाले वन्यप्राणी सांभर केज के बाहर पेड़ पौधो के नीचे दिनभर बैठे रहते हैं। भालू के बाड़े में पत्तेदार पेड़ अधिक हैं। वह धूप तेज होते ही पेड़ पर चढ़ जाते हैं। अन्य वन्यप्राणी भी पेड़ की छांव में आराम करते हुए दिखाई देते हैं।

### पेड़ के सहारे सैलानियों को मिल रही गर्मी से राहत

दोपहर की तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण जहां लोगों के घर, दफ्तर, दुकानों में कूलर, एसी, पंखे चालू हो गए हैं। वहीं सड़क पर चलने वाले ज्यादातर लोग पेड़ों की छांव के लिए तरस रहे हैं। शहर के चौक-चौराहों और सड़क के किनारे लगे पेड़ों की कटाई होने से लोगों को छांव नहीं मिल पा रही है। विशेषकर छुट्टी के दिनों में लोग घरों में रहना पसंद कर रहे हैं। पेड़ों की छांव लेने के लिए लोगों को अब जंगल की ओर रूख करना पड़ रहा है। इसी तरह कानन पेण्डारी में भी छुट्टी के दिनों में सैलानियों की भीड़ बढ़नी शुरु हो गई है। कानन पेण्डारी जू में हरे-भरे वृक्षों के साथ शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों को देखने के लिए शहर के साथ आसपास से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। शनिवार और रविवार को छुट्टी होने के कारण कानन पेण्डारी जू में पिकनिक मनाने और भ्रमण करने वालों की भीड़ भी बढ़ है। प्रबंधन के अनुसार शनिवार को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक कानन का गेट ओपन और क्लोज होने के दौरान 3 हजार से अधिक सैलानी पहुंचे थे। वहीं रविवार की सुबह से कानन पेण्डारी में आने वाले सैलानियों की संख्या में भी काफी बढ़ोत्तरी हुई है। सुबह से शाम 5 बजे तक कानन पेण्डारी में भ्रमण करने वालों की संख्या 4876 थी, जिसमें बड़े 4611 और बच्चे 265 थे। इन सैलानियों की भीड़ सबसे अधिक गार्डन में रही, जो पेड़ की छांव में अपने परिवार के साथ पिकनिक का लुत्फ उठाते रहे। सैलानियों की संख्या के अनुसार कानन पेण्डारी जू में गेट मनी से 94870 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

---

# एवीएम सैनिक स्कूल में करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन



**बिलासपुर।** विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में जहाँ हमारा हित निहित है विषय पर एक विशेष करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता तथा भविष्य के लक्ष्यों के अनुरूप सही मार्ग चुनने के लिए प्रेरित करना था।

सत्र में विद्यार्थियों को बताया गया कि भविष्य में विकास और सफलता के लिए किस प्रकार सही संस्थान एवं मार्गदर्शन का चयन किया जाना चाहिए। विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास को ध्यान में रखते हुए संकल्प कोचिंग के माध्यम से उपलब्ध मार्गदर्शन के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों की रुचि और सीखने की शैली को समझने के लिए मस्तिष्क प्रभुत्व परीक्षण भी कराया गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी बौद्धिक क्षमता और अध्ययन की उपयुक्त दिशा को समझने में सहायता मिली। सत्र में प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी ताकत और क्षमता को पहचानना चाहिए, हर व्यक्ति की रुचि और पसंद अलग-अलग होती है, अलग-अलग विषयों को सीखने के तरीके भी भिन्न होते हैं, प्रत्येक विद्यार्थी किसी न किसी विषय में विशेष रूप से दक्ष होता है, जबकि कुछ विषयों में उसे अधिक अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन बिंदुओं पर चर्चा की गई। यह सत्र चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एसके जनस्वामी, प्राचार्या जीआर मधुलिका, निदेशक मंडल तथा विषय विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अहमदाबाद से आए विषय विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इनमें रसायन विज्ञान में 11 वर्षों का अनुभव रखने वाले सत्येंद्र शिवम मिश्रा, 12 वर्षों के अनुभव वाले विकास शुक्ला तथा 11 वर्षों के अनुभव वाले मुकेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्या जीआर मधुलिका ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करना चाहिए, तभी वे जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। डायरेक्टर एसके जनस्वामी ने कहा कि सही मार्गदर्शन और अनुशासित प्रयास से ही विद्यार्थी अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

**एजुकेशन प्लस**

चेयरमैन डॉ.अजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक छात्र में अपार संभावनाएं निहित होती हैं। आवश्यकता केवल अपनी क्षमताओं को पहचानने और सही दिशा में मेहनत करने की है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया।

---

# विद्यार्थियों को ज्ञान एवं संस्कारों से समाज को सकारात्मक दिशा देने की जरूरतः डॉ.दुबे

**बिलासपुर।** सीएमडी कॉलेज में शिक्षा संकाय के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ.संजय दुबे, प्राचार्य डॉ. संजय सिंह एवं बीएड प्राचार्य डॉ.अंजली चतुर्वेदी उपस्थित थे।

डॉ. संजय दुबे ने कहा कि हमारे महाविद्यालय विगत 75 से शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दे रहा है। यहां से पढ़े हुए हैं हर एक विद्यार्थी आज अपनी-अपनी सफलता के नई ऊंचाई पर पहुंचे हैं। इसी कड़ी में शिक्षा संकाय के भावी कल के शिक्षक समाज निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। महाविद्यालय विश्वविद्यालय के प्रवीण सूची में इस वर्ष भी सफलता का नहीं ऊंचाई को छुएंगे। इसी उम्मीद के साथ उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में प्राप्त शिक्षा, अनुशासन और अनुभव उनके जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे तथा उन्हें एक




आदर्श शिक्षक बनने की दिशा में कार्य करना चाहिए। बीएड प्राचार्य डॉ. अंजली चतुर्वेदी ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने दो वर्षों के अध्ययन काल की यादों को साझा किया। उन्होंने महाविद्यालय में मिले मार्गदर्शन, शिक्षकों के सहयोग और साथियों के साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण अनुभव बताया। विद्यार्थियों ने कहा कि सीएमडी कॉलेज ने उन्हें न केवल शिक्षा प्रदान की बल्कि एक जिम्मेदार और संवेदनशील शिक्षक बनने की दिशा भी दिखाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच को रंगारंग बना दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.अंकित शर्मा, डॉ नीलू कश्यप, गुलाब पाठक, तृप्ति पटेल, भारती विश्वकर्मा, मोनिका दत्ता, सुश्री संगीता ताम्रकार आदि उपस्थित थे। भारी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थित में कार्यक्रम का समापन हुआ।

### चाइनीज मांझा पर प्रशासन की चेतावनी

**बिलासपुर।** छग पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जनहित में चाइनीज मांझे के उपयोग को लेकर सख्त चेतावनी जारी की गई है। दिखने में पतला और चमकदार यह मांझा तेजी से लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। विशेषकर बच्चों, राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह गंभीर खतरा बन चुका है। हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें बाइक सवारों की गर्दन, हाथ और चेहरे पर गहरी कटने वाली चोटें आईं। पेड़ों पर फंसे मांझे में उलझकर पक्षियों की मौत की घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चाइनीज मांझे का निर्माण, बिक्री और उपयोग पूरी तरह अवैध है। दोषी पाए जाने पर जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान है।

---

# एक रैक से चल रही दो अलग-अलग दिशाओं में गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान**

जोनल स्टेशन से दो अलग-अलग दिशाओं बिलासपुर से पटना और बिलासपुर से एर्नाकुलम चलने वाली दो ट्रेनों को रेल प्रशासन एक रैक से चला रही है, जिसके कारण ट्रेन समय पर नहीं पहुंचने की वजह से दूसरी दिशा की ओर लेट जा रही है। इसकी वजह से परेशान यात्रियों की पूरी नाराजगी स्टेशन कर्मचारियों पर उतर रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से चलने वाली कई ट्रेनें ऐसी हैं, जिसका परिचालन केवल एक रैक से किया जा रहा है। इसकी वजह से ट्रेनों की लेटलतीफी प्रतिदिन की आदत बन चुकी है। इसके कारण परेशान ट्रेन में सफर करने वाले हजारों यात्री हो रहे हैं। एक ओर अमृतसर से बिलासपुर आने के बाद छत्तीसगढ़ की रैक को लोकल बनाकर दूसरे दिन सुबह गेवरारोड की ओर लोकल बनाकर रवाना किया जा रहा है। वहीं कोरबा से बिलासपुर होकर इतवारी के बीच चलने वाली शिवनाथ और बिलासपुर से इतवारी के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के भी रैक एक ही हैं। यह ट्रेन भी कभी राइट टाइम स्टेशन तक नहीं पहुंच पाती है। इसी तरह का हाल अब बिलासपुर से पटना के बीच चलने वाली एक्सप्रेस और बिलासपुर से एर्नाकुलम के बीच चलने वाली ट्रेन का भी हो गया है। 22843 नम्बर के साथ बिलासपुर से पटना के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का विस्तार बक्सर स्टेशन तक कर दिया गया है। पूर्व में यह ट्रेन बिलासपुर से रवाना होने के बाद पटना जंक्शन स्टेशन में दूसरे दिन दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर पहुंचने के बजाय शाम 5 बजे के बाद पहुंच रही थी। ट्रेन का बक्सर स्टेशन तक विस्तार करने के बाद इस ट्रेन ने अपने ही रिकार्ड को पार कर दिया है। बिलासपुर से पटना विस्तारित बक्सर तक चलने वाली एक्सप्रेस जोनल स्टेशन से प्रति शुक्रवार की रात राइट टाइम 8.30 बजे रवाना कर दी जाती है, जो झारसुगुड़ा पहुंचने तक तीन घंटे, टाटा स्टेशन तक 9 घंटे और बक्सर स्टेशन तक पहुंचने में 10 घंटे का अधिक समय लगा देती है। इसी तरह का हाल ट्रेन की वापसी का भी रहता है। 22844 बक्सर से बिलासपुर एक्सप्रेस के संबंधित स्टेशन से छूटने का समय 4 घंटे बाद का रहता है, लेकिन यह ट्रेन 10 घंटे अधिक लेट रवाना की जाती है। इसके कारण ट्रेन रविवार के स्थान पर सोमवार की सुबह बिलासपुर स्टेशन तक पहुंचने के कारण यात्री हलाकान होते रहते हैं।

#### दूसरे दिन रवाना हो रही है एर्नाकुलम

बिलासपुर से पटना विस्तारित बक्सर तक चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के रैक एक ही हैं। इस ट्रेन के बक्सर से बिलासपुर आने का समय रविवार की शाम 5 बजकर 20 मिनट का रहता है। बिलासपुर आने के बाद ट्रेन का मेंटनेंस व अन्य रखरखाव कर सोमवार की सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर स्टेशन से एर्नाकुलम के लिए रवाना किया जाना है। ट्रेन घंटो लेट यानि रविवार के स्थान पर सोमवार को आने के बाद सीधे कोचिंग डिपो के लिए रवाना की जाती है। इसके कारण बिलासपुर से एर्नाकुलम की ओर जाने वाली एक्सप्रेस सोमवार की सुबह के बजाय रात को रवाना होने के कारण यात्री अपनी पूरी नाराजगी स्टेशन में मौजूद रेल कर्मचारियों पर उतारते हैं।

---

# एफएसएसएआई नियमों में सुधार से खाद्य व्यापारियों को बड़ी राहत

- **सुधारों का व्यापारी संघों ने किया स्वागत**

**बिलासपुर।** व्यापारियों ने कहा कि देशभर के व्यापारियों द्वारा समय-समय पर उठाए गए मुद्दों और उनके समाधान के लिए किए गए सतत प्रयासों का एक महत्वपूर्ण परिणाम हाल ही में खाद्य व्यवसायों से संबंधित नियमों में किए गए व्यापक सुधारों के रूप में सामने आया है। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी ने कहा कि फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड आथोरिटी आफ इंडिया एफएसएसएआई द्वारा जारी हालिया अधिसूचनाओं के माध्यम से खाद्य व्यापारियों को बड़ी राहत प्रदान की गई है।

बिलासपुर कैट अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि कैट व राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के समक्ष देशभर के व्यापारियों ने समय-समय पर वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठकों एवं बोर्ड मीटिंग्स के माध्यम से एफएसएसएआई लाइसेंस से जुड़ी जटिलताओं, अनुपालन प्रक्रियाओं तथा व्यावहारिक समस्याओं को उठाया था। इन सुझावों और मांगों को व्यवस्थित रूप से संबंधित मंत्रालयों तक पहुंचाया गया, जिसके परिणाम स्वरूप भारत सरकार द्वारा नियमों को अधिक सरल एवं व्यापार-अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। हीरानंद जयसिंह ने कहा कि नए प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से मूल पंजीकरण के लिए वार्षिक कारोबार की सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़ कर दी गई है। इस निर्णय से देशभर के सूक्ष्म एवं लघु खाद्य व्यवसायों को अनुपालन के बोझ से बड़ी राहत मिलेगी तथा छोटे व्यापारियों के लिए व्यवसाय करना अधिक सरल होगा। नगर निकायों में पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स को अब एफएसएसएआई के अंतर्गत स्वतः पंजीकृत माना जाएगा, जिससे विभिन्न विभागों में अलग-अलग पंजीकरण कराने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। इस निर्णय से देश के 10 लाख से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

उन्होंने बताया कि एफएसएसएआई लाइसेंस को स्थायी वैधता प्रदान करने का प्रावधान भी किया गया है, जिससे बार-बार लाइसेंस नवीनीकरण की जटिल प्रक्रिया समाप्त होगी। इन महत्वपूर्ण सुधारों के लिए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स बिलासपुर ईकाई के पदाधिकारियों ने भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय व्यापारी समुदाय के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ देश के खाद्य व्यापार को अधिक संगठित, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 16 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



# लोक साहित्य, गीत, संगीत, संस्कृति का अद्भुत समागम

36 वें बिलासा महोत्सव के समापन अवसर पर रविवार को मुख्य आसंदी से बोलते हुए छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष कमल सोनी ने कहा बिलासा की नगरी वालों का असीम प्यार और अपनापन बिलासा महोत्सव को मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में आना मेरे लिए खुशी की बात है। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का अनूठा दर्शन मिलता है,बिलासा महोत्सव में, हजारों दर्शकों के साथ 36 वें रंगारंग समापन हुआ। इस मंच की खूबसूरती है कि अनजाने से कलाकारों और बड़े कलाकारों को मंच में प्रस्तुति का अवसर मिलता रहा है। अंचल के कला और कलाकारों के लिए यह मंच समर्पित रहा है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अध्यक्षता करते हुए मंच के संरक्षक चंद्रप्रकाश देवरस ने कहा कि समय में किसी संस्था को 36 वर्ष तक सफलता पूर्वक चलाना किसी चमत्कार से कम नहीं है और इसे कर दिखाया भाई डॉ सोमनाथ यादव ने।

विशिष्ट अतिथि संरक्षक अनिल व्यास ने कहा कि अंचल के लोक कलाकार और लोकसंगीत, लोक संस्कृति को मंच देने का काम बिलासा मंच पिछले 36 वर्षों से कर रहा है। इससे पहले मंच के संस्थापक डॉ सोमनाथ यादव ने 36 वर्षों के बिलासा कला मंच के सफर को बताते हुए कहा कि एक छोटे से आयोजन बांस गीत की प्रस्तुति से शुरू हुआ यह महोत्सव और मंच पूरे वर्ष भर विविध आयोजनों से अपने शहर और प्रदेश की जनता से रूबरू होते रही है।

इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास, डॉ सुधाकर बिबे, डॉ अजय पाठक, डॉ भगवती प्रसाद चंद्रा, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, राघवेंद्रधर दीवान, डॉ देवधर महंत, राजेंद्र मौर्य, रामेश्वर गुप्ता, यश मिश्रा, दिनेश्वर राव जाधव, देवानंद दुबे, अश्विनी पांडे,नरेंद्र कौशिक, अनिल व्यास, कैलाश अग्रवाल, मनीष गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, अनूप श्रीवास, केवलकृष्ण पाठक सहित शहर के अनेक गणमान्य दर्शक उपस्थित रहे।

### 25 से अधिक प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति

वहीं उनकी टीम ने मादरी नृत्य और आंगा देव नृत्य कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किये। रायपुर से आये प्रभा कटारे और उनके 25 से अधिक साथियों ने बारहमासी गीत संगीत करमा ददरिया, आदिवासी नृत्य से मंच पर शानदार रंग जमाये। लिमहागगढ़ के कलाकारों ने बेहतरीन करमा नृत्य प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिए। मंच के सदस्यों और नगर के सुधि दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

### लोककलाकारों का सम्मान

शरद पूर्णिमा पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन तो तीज त्यौहार पर स्थानीय कार्यक्रम कर लोगों से जुड़ने का प्रयास करते हैं। अतिथियों ने बिलासा कला सम्मान से लोकगायिका मंजू श्रीवास, साहित्यकार बसंत साव रायगढ़ को बिलासा साहित्य सम्मान,चंचल सलूजा अध्यक्ष स्वयंसिद्धा फाउंडेशन बिलासपुर और धनंजय सिंह ग्राम सेलर को बिलासा सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास,रश्मि गुप्ता और महेंद्र ध्रुव ने किया।आभार प्रदर्शन संयोजक रामेश्वर गुप्ता ने किया। सुप्रसिद्ध लोकगायिका रेखा देवार और उनके साथियों के द्वारा शानदार देवार गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात बालोद से आये लोककलाकार संजू सेन और उनके साथियों ने 50 से अधिक वाद्ययंत्रों को एक साथ बजाकर माहौल को संगीतमय कर दिए। इस अवसर पर महेश श्रीवास की किताब अरपा से अलास्का तक यात्रा संस्मरण का अतिथियों द्वारा विमोचन हुआ।

**कार्यक्रम**

## भगवान की याद के लिए अहंकार का त्याग व सरलता का गुण अपनाना जरूरी



**बिलासपुर।** रामकृष्ण नगर निवासी सेवानिवृत नर्स सावित्री बहन सिंह के विशेष आग्रह और उनकी गहरी आध्यात्मिक भावना के फलस्वरूप शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में राजयोगिनी *ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी एवं ब्र.कु. गायत्री बहन उपस्थित रहीं। उन्होंने ईश्वरीय ध्वज फहराकर उपस्थित भाई-बहनों को परमात्मा के सत्य परिचय का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीदी ने उपस्थित बच्चों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कराकर किया। मंजू दीदी ने आध्यात्मिक यात्रा साझा करते हुए बताया कि उन्हें यह ईश्वरीय ज्ञान उत्तरप्रदेश के धनबाद में वर्ष 1976 में 8 वर्ष की अल्पायु में प्राप्त हुआ था और अब 2026 में भी उनके भीतर ज्ञान सागर से नई-नई बातें सीखने की प्यास आज भी उतनी ही प्रबल है, जितनी पहले दिन थी। दीदी ने जीवन में अहंकार के खतरों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि अहंकार कई प्रकार का होता है- रूप-रंग का, धन-दौलत का, पद-प्रतिष्ठा का अथवा अपनी विशेषताओं और गुणों का। उन्होंने सिकंदर का उदाहरण देते हुए कहा कि इतना बड़ा सम्राट होने के बावजूद वह भी इस संसार से खाली हाथ ही गया।

**शिविर**

## ट्राइसिकल वितरण के लिए दिव्यांगों का शारीरिक परीक्षण



**बिलासपुर।** सक्षम समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु संचालित "लाइवलीहुड ऑन व्हील्स सक्षम नई उड़ान" योजना के अंतर्गत गुरूद्वारा दयालबंद में ई-साइकिल व मोटराइज्ड व्हीलचेयर वितरण पूर्व शारीरिक परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ से आए 70 अस्थि बाधित दिव्यांग हितग्राहियों का परीक्षण किया गया। विशेषज्ञों द्वारा सभी हितग्राहियों की जांच एवं माप लेकर आगे उन्हें उपयुक्त मोटराइज्ड व्हीलचेयर / ई-साइकिल प्रदान करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम में रविंद्र कोपरगांवकर, विश्वजीत, अविनाश, रामजी राजवाड़े, अनूप कुमार पांडेय, अंजलि चावड़ा, डॉ चरणजीत सिंह गंभीर, डॉ प्रशांत द्विवेदी, डॉ केके साव, सक्षम चुन्नी मौर्य, पूनम, राजेश पांडेय, आरती अनंत, रामकली तिवारी, अन्नपूर्णा पवार, निर्मल कुमार, शेफाली घोष, रेखा गुल्ला, सतीश कुमार राजवाड़े, अविनाश चटर्जी, गणेश सराफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा दयालबंद का सहयोग रहा।

**सम्मेलन**

## सिरगिट्टी में गणगौर मेला कल, लगाए जाएंगे स्टाल



बिलासपुर। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी मंगलवार 17 मार्च को एएस फन सिरगिट्टी में दोपहर 3 बजे से गणगौर मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ज्वेलरी, व्यंजन सहित कई चीजों के स्टाल लगाए जाएंगे। समाज की आशा अग्रवाल ने बताया कि गणगौर को लेकर सबसे पहले निम्बार्क भवन विद्यानगर में बैठक आयोजित की गई। इसमें संस्था की सदस्यों ने काफी उत्साह दिखाया। इसके बाद ज्योति सुल्तानिया क्रांतिनगर सहित अन्य सदस्यों के यहां बैठक कर महोत्सव को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान गणगौर म्यूजिकल हाउजी खेल कर घूमर नृत्य पेश किया जाएगा। भारत की प्रसिद्ध महिलाएं की थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में ऐतिहासिक, समकालीन एवं पौराणिक महिला के किरदार का चुनाव कर सकते हैं। गणगौर मेले में फैशन, ज्वेलरी, हैण्डी क्राफ्ट एवं व्यंजनों के विभिन्न स्टाल लगाए जाएंगे। उपस्थित सभी लोग लकी गेम्स का आनंद ले सकेंगे।

**आयोजन**

## छात्रों के मस्तिष्क से गणित विषय के प्रति भय दूर करने पर चर्चा



**बिलासपुर।** बिलासपुर साहित्य समिति ने अपने द्वितीय शनिवारीय मासिक काव्य गोष्ठी समिति के अध्यक्ष बल्लू दुबे के गोंडपारा स्थित गंगा विष्णु भवन में आयोजित की। इसमें कवियों ने अपनी सरस रचनाओं का काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए सचिव हरबंश शुक्ल ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस है। गणित विषय को रोचक और प्रिय बनाने छात्रों के मस्तिष्क से गणित विषय के प्रति भय दूर करने के साथ, गणित का मानवीय पहलु, विज्ञान, भौतिक विज्ञान रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, चिकित्सा पद्धति, सौर मंडल, भू-गर्भ, अर्थ शास्त्र, ज्योतिष शास्त्र आदि समस्त क्षेत्रों में अहम योगदान है। गणित के बिना दैनिक जीवन में दैनंदिनी भी संभव नहीं है। उन्होंने गणित की महत्ता को रेखांकित करते हुए अवगत कराया कि यह गणित दिवस सुविधा गणितज्ञ शकुंतला देवी के स्मरण में प्रत्येक वर्ष 14 मार्च 2019 से प्रारंभ हुआ है। गोष्ठी का संचालन व आभार प्रदर्शन हरबंश शुक्ल ने किया। गोष्ठी में उपस्थित कवियों ने अपनी सरस रचनाओं का काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि ओमप्रकाश भट्ट थे।

# दिव्यांग सहित 50 महिलाओं का सम्मान

बिलासपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कैट महिला इकाई द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एक दिव्यांग महिला सहित 50 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी, विशिष्ट अतिथि जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष स्नेह लता शर्मा थीं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने भामाशाहजी के चित्र पर तिलक लगा एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। अध्यक्ष निहारिका त्रिपाठी ने बताया कि भामाशाह महान दानवीर और समाजसेवी थे। जिन्होंने देश और समाज के लिए अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने कैट की महिलाओं के अधिकारों को सशक्त बनाने, लैंगिग समानता एवं आत्मनिर्भरता के साथ व्यापार करने पर जोर दिया। साथ ही अगस्त माह में दिल्ली में आयोजित होने वाले "भारतीय व्यापार महोत्सव" की जानकारी दी और महिलाओं को उसमें भागीदारी के लिए प्रेरित किया। सचिव प्रतिज्ञा सिंह ने महिला सशक्तिकरण पर एक कविता के साथ अपना उद्बोधन दिया और बताया कि व्यापारियों व उद्यमियों के लिए इस संगठन से जुड़ने के क्या-क्या लाभ हैं। कार्यक्रम में 50 महिला उद्यमियों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैट की किरण सिंह, भूमिका डोडेजा, चुन्नी मौर्य, सुमन द्विवेदी, अनुभिका दुबे, नेहा दीप्ता, पूजा अग्रवाल, रेशु शर्मा, डॉ संजना तिवारी, सईदा वनक, डॉ आराधना दास, फ़िरोज अलीम, बबिता ताम्रकार, रोशनी दीक्षित, बरखा रानी, एकता मल्लिक, रीता मौर्य, रेणु मूंदड़ा का सहयोग रहा।



### महिलाओं को आगे लाने प्रयास जारी

महापौर पूजा विधानी ने कहा कि महिलाओं को व्यापार और समाज के हर क्षेत्र में आगे लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और उद्यमी महिलाओं को उनका पूरा सहयोग मिलता रहेगा। स्नेहलता शर्मा ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए किए जा रहे कार्यों और प्रयासों के बारे में जानकारी साझा की।

# प्रेस क्लब में होली मिलन समारोह



### संघ और पत्रकारों ने साझा किए सौहार्द के रंग

**संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजन, समाज को जोड़ने और संवाद बढ़ाने का दिया संदेश**

**बिलासपुर।** ईदगाह चौक स्थित बिलासपुर प्रेस क्लब ट्रस्ट भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और पत्रकारों के बीच होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। विश्व संवाद केंद्र प्रमुख प्रफुल्ल शर्मा ने संघ के शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए समाज को जोड़ने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। नगर संघ संचालक प्रदीप शर्मा ने कहा कि संघ के कार्यक्रमों की जानकारी समय समय पर पत्रकारों से साझा की जाएगी।

प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने आयोजन के लिए आभार जताते हुए होली के पर्व को आपसी सौहार्द का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों और शहर के पत्रकारों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पारंपरिक होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। विश्व संवाद केंद्र प्रमुख प्रफुल्ल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है, वर्ष 1925 में प्रारंभ हुआ संघ आज देशभर में समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से संगठन की यात्रा, संघर्ष और समाज के सहयोग को स्मरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य समाज को एक सूत्र में बांधना और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना है। नगर संघ संचालक प्रदीप शर्मा ने बताया कि संघ द्वारा समय समय पर नगर संघ संचालक प्रदीप शर्मा ने बताया कि संघ द्वारा समय समय पर पत्रकारों के साथ संवाद और मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी के साथ होली मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संवाद केंद्र प्रमुख प्रफुल्ल शर्मा, जिला संघ संचालक रामधन रजक, नगर संघ संचालक प्रदीप शर्मा, विभाग प्रचार प्रमुख अजय सूर्यवंशी, जिला प्रचार प्रमुख कृष्ण गोपाल यादव, जिला संपर्क प्रमुख पुणेंद्र भट्ट, नगर कार्यवाहक माधव मिश्रा सहित प्रेस क्लब के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# स्व. लखीराम अग्रवाल रात्रिकालीन ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 21 से

**स्पोटर्स न्यूज**




### राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में होगा आयोजन

**बिलासपुर।** शहर में खेल प्रतिभाओं को मंच देने और क्रिकेट के प्रति युवाओं में उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल की स्मृति में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय रात्रिकालीन ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के ट्रॉफी लॉन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर के यश पैलेस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान संपन्न हुआ, जहां बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने प्रतियोगिता की ट्रॉफी की विधिवत लॉन्चिंग की।

आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रवीण दुबे ने बताया कि स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल की स्मृति में यह अखिल भारतीय रात्रिकालीन ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 21 से 29 मार्च तक आयोजित की जाएगी, जिसमे 8 राज्यों की टीमें भाग लेंगी। इसके साथ ही न्यायधानीवासियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों को भी देखने का मिलेगा मौका। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की टीमों के शामिल होने की संभावना है। इसे भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक अमर अग्रवाल ने ट्रॉफी लॉन्च करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं और समाज में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनाती हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल की स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों को अवसर देगी, बल्कि शहर में खेल संस्कृति को भी मजबूत करेगी।

इस अवसर पर बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, डॉ. रजनीश पांडेय, समाजसेवी प्रवीण झा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, शहर के गणमान्य नागरिक तथा भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान शहरवासियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे और इसे यादगार बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी की सरकंडा क्षेत्र में दूसरी ब्रांच का शुभारंभ जल्द

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी महाराणा प्रताप चौक गौरव पथ के द्वारा क्रिकेट के क्षेत्र में विस्तार करते हुए और शहर के बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण देने के लिए सरकंडा क्षेत्र में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान ब्रांच 2-0 प्रारंभ किया जा रहा है। क्रिकेट के क्षेत्र में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के 10 साल पूरा होने पर शहर वासियों को खेल के क्षेत्र में नई सुविधा देने के लिए कपिल नगर चांटीडीह मार्ग में मार्क हॉस्पिटल के समीप 70 हजार वर्ग फीट के मैदान में क्रिकेट के क्षेत्र में नया प्रशिक्षण संस्थान शुरू किया जा रहा है। जिसमें नर्सरी से लेकर विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां पर रणजी ट्रॉफी के खिलाड़ी कोच के द्वारा इस नए फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में अत्यधिक नई टेक्नोलॉजी के बॉलिंग मशीन ,दो टर्फ विकेट, तीन सीमेंट विकेट ,एक एस्ट्रो टर्फ विकेट पर बच्चों को क्रिकेट का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी का दूसरा ब्रांच 2-0 जल्द ही शुरू होने जा रहा है।

### क्रिकेट के क्षेत्र में विस्तार- प्रिंस

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने खेल प्रशिक्षण संस्थान के विस्तार की जानकारी देते हुए बताया कि बिलासपुर शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए, फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के 10 साल पूरा होने पर शहर के नवोदय खिलाड़ियों के लिए, सरकंडा क्षेत्र में फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी ब्रांच 2-0 का शुभारंभ अगले महीने शुरू होने जा रहा है। महाराणा प्रताप चौक स्टेट फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में पिछले 10 सालों से शहर के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इस मैदान से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आज राज्य एवं नेशनल स्तर पर क्रिकेट के क्षेत्र में शहर एवं एकेडमी का नाम रोशन कर रहे हैं। और शहर में क्रिकेट के प्रति लोगों की भागीदारी को देखते हुए एवं क्रिकेट खेल का विस्तार करते हुए सरकंडा क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी के साथ फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी की नई ब्रांच में नवोदित खिलाड़ियों को क्रिकेट के प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

The Foundation Bilaspur (C.G) Where Cricket is Worshipped

Foundation Cricket Academy

### फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में समर कैंप 1 अप्रैल

FUTURE LEGENDS CRICKET SUMMER CAMP

महाराणा प्रताप चौक स्थित फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में 1 अप्रैल से समर कैंप शुरू किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्रिकेट के वरिष्ठ कोच के द्वारा खिलाड़ियों को बल्लेबाजी, गेंदबाजी ,क्षेत्ररक्षण तथा नहीं टेक्नोलॉजी के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा। समर कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गया है। समर कैंप मैं खिलाड़ियों के प्रवेश के लिए एक सीमित संख्या निर्धारित की गई है। यह समर कैंप पिछले 11 साल से फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में किया जा रहा है। जिसमें बालक एवं बालिका दोनों वर्ग को क्रिकेट के प्रशिक्षण कोच के द्वारा दिए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### आनियंत्रित वाहन गिट्टी के ढेर में घुसा

**तखतपुर।** वाहन ओवरटेक करने की कोशिश में बोलेरो रेत और गिट्टी के ढेर में जा घुसी एवं क्षतिग्रस्त हो गई। दरअसल बिलासपुर से मुंगेली की ओर जा रही अज्ञात बोलेरो पालिटेक्निक कॉलेज खपरी के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान चालक ने ओवरटेक करने के प्रयास किया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क के किनारे डंप रेती और गिट्टी के ढेर में जा घुसा। हादसे में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि, चालक और एक अन्य बाल-बाल बच गए एवं उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई।

### कच्ची शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर आबकारी विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में में आबकारी विभाग ने पथरिया के ग्राम कोड़पुरी से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि, आरोपी जयनारायण बंजारे के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) तथा 59(क) के तहत वैधानिक प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## निधन

### आनंद मोहन द्विवेदी

**बिलासपुर।** भिलाई (बलौदा) निवासी



आनंद मोहन द्विवेदी का 15 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भरतलाल द्विवेदी के पुत्र, कृष्णदेव द्विवेदी के भाई एवं उपेंद्र द्विवेदी के पिता थे।

### पुसईया बाई यादव

**बिलासपुर।** ग्राम धौराभाठा बिल्हा



निवासी श्रीमती पुसईया बाई यादव का 65 वर्ष की आयु में 15 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे धौराभाठा सरपंच व ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री बिल्हा जीवन यादव व रविंद्र यादव की माता थीं।

### लीला सैनी

**बिलासपुर।** आनंद नगर उसलापुर



निवासी श्रीमती लीला सैनी का निधन हो गया है। वे 69 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे शिवा सैनी की धर्मपत्नी एवं विकास सैनी (रिंकू), दीपामाला कश्यप की मां व आयुष सैनी की दादी थीं।

### मोहिनी देवी मोटवानी

**बिलासपुर।** वी-05, रामा लाइफ सिटी



सकरी निवासी समाजसेवी डा. ए कुमार मोटवानी की धर्मपत्नी श्रीमती मोहिनी देवी मोटवानी का स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे किशोर मोटवानी, डॉ नन्द कुमार मोटवानी की मां थीं।

### हेतराम गुप्ता

**बिलासपुर।** कृषि विभाग के सेवानिवृत्त



कर्मचारी हेतराम गुप्ता का 15 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 मार्च को दोपहर 1 बजे सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे कुलदीप, सुलक्षणा एवं भाई महेश व गणेश गुप्ता समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### राजकुमार यादव

**बिलासपुर।** सीपत निवासी सेवानिवृत



शिक्षक गणेश राम यादव के ज्येष्ठ पुत्र राजकुमार यादव 62 वर्ष का 15 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 मार्च को गृह ग्राम सीपत में दोपहर 12 बजे किया जाएगा। वे प्राचार्य दिनेश यादव, शिक्षक रमेश गोपाल यादव के भैया थे। वे अपने पीछे चार पुत्री एक पुत्र से भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

### प्रदीप कुमार कश्यप

**बिलासपुर।** बोरदा (खरौद) निवासी शांति



कश्यप के बड़े पुत्र प्रदीप कुमार कश्यप का निधन हो गया। वे ग्राम पंचायत में सचिव के पद पर कार्यरत थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में होगा। वे शिव कुमार कश्यप, गोविंद शरण कश्यप एवं मूलचंद कश्यप के बड़े भाई थे।

### किरण सोनी

**बिलासपुर।** श्रीराम प्लाजा निवासी



किरण सोनी का 15 मार्च को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 16 मार्च को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान श्री राम प्लाजा से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गजानंद सोनी (बल्लू) की धर्मपत्नी, अंचल और अनुज की माता थीं।

### डिप्टी सीएम साव व केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन हुए शामिल

# क्षेत्र में भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उप मुख्यमंत्री अरुण साव शनिवार को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ ग्राम रहंगी और हरदी बांध में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए।

श्री साव ने भक्त माता कर्मा जी को श्रद्धापूर्वक नमन कर उनके तप और तपस्या के आदर्शों को स्मरण किया। इस अवसर पर समाजजनों के साथ माता कर्मा जी को नमन कर उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया

- 20 लाख के विकास कार्यो की घोषणा



लोगों को संबोधित करते डिप्टी सीएम अरुण साव।

सामुदायिक भवन व हाईस्कूल का भूमिपूजन- इस दौरान श्री साव ने रहंगी में 7 लाख रुपए की लागत बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इसके अलावा ग्राम लाखासार में हाईस्कूल शाला भवन का भूमिपूजन कर कार्य आरंभ किया। यह भवन 75 लाख रुपए से बनकर तैयार होगा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने तीनों गांव में विकास कार्यों के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्राम रहंगी में बालवाड़ी निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, लाखासार में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही नवागांव में मुक्तिधाम निर्माण का आश्वासन दिया। वहीं हरदी बांध में नवधा रामायण शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए और महामाया मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू जी ने भी गांवों में विकास कार्यों के लिए राशि की घोषणा की।

जनचौपाल में लोगों से संवाद- इस दौरान ग्राम में जनचौपाल आयोजित की गई, जहां अरुण साव ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू जी, साहू समाज जिला अध्यक्ष पुहुप राम साहू, तहसील अध्यक्ष राजेश साहू, तहसील, परिक्षेत्र, ग्राम पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, डॉ उदय राम साहू, बलदाऊ साहू, रामनारायण साहू, राजेंद्र साहू, सरपंच सुखमनी पोर्ते, अशोक साहू, भोला साहू, रामेश्वर साहू, प्रदीप साहू, श्याममुकुंद, विक्रम सिंह, रामदुलारी साहू, चंपा साहू, तुलाराम साहू, जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनीता साहू, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, शीलू साहू, विनय साहू, धनीराम यादव, गुरमीत सलूजा, दिनेश कश्यप, सुशील यादव, राजेंद्र साहू, लेखराज ठाकुर, रवि शर्मा, प्रदीप मिश्रा, धनीराम यादव, संदीप सोनी, सावित्री राजपूत, चंद्रमणि साहू, गणपत साहू, रवि प्रकाश साहू, देवचरण साहू, उपसरपंच चैतराम साहू, मनोज साहू, तामेश्वर साहू, पूर्णिमा साहू, संतोष साहू, उमाशंकर साहू, जवाहर साहू, धनेश साहू राजेंद्र साहू, रेखा साहू, गंगाराम साहू, राधे साहू, शंकर खत्री, सरपंच अमित घृतलहरे, उपसरपंच श्यामलाल साहू, पुरुषोत्तम लोधी, हेमंत साहू, ओमिन साहू, गुलाब सिंह, अर्जुन सिंह, कुमार सिंह एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

भक्त माता कर्मा का जीवन समाज सेवा की प्रेरणा देता है

अरुण साव ने ने सामाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, भक्ति और समर्पण की प्रतीक भक्त माता कर्मा का जीवन हमें समाज सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि, लोरमी क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की सुविधाओं को बेहतर बनाने हमारी सरकार प्रतिबद्धता से काम कर रही है। गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर जनजीवन को सुगम और सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जब गांव सशक्त होंगे, तभी प्रदेश और देश भी तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेंगे।



## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनी माता कर्मा जयंती

**तखतपुर।** तहसील साहू संघ तखतपुर ने संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती ग्राम बेलपान स्थित माता कर्मा मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एकत्र दोकर माता कर्मा की पूजा-अर्चना की व उनके आदर्शों को याद किया।इसके बाद समाज की माताओं एवं बहनों ने भजन-कीर्तन का आयोजन किया, जिसमें भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

वक्ताओं ने कहा कि, संत माता कर्मा केवल साहू समाज ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए नारी शक्ति, समर्पण और भक्ति की प्रतीक हैं। उनके जीवन से सत्य, सेवा और परोपकार की प्रेरणा मिलती है। माता कर्मा की निस्वार्थ भक्ति का ही परिणाम था कि, भगवान जगन्नाथ स्वयं उनकी खिचड़ी ग्रहण करने के लिए विवश हो गए थे। इस अवसर पर शिवशरण साहू, श्याम सुंदर साहू, राम नारायण साहू, विष्णु प्रसाद, नारद साहू, जतिराम साहू, रामलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, रामबहोरन साहू, नैन लाल साहू, ठुमुक राम साहू, परमेश्वर साहू, राजकुमार साहू, दुर्गा प्रसाद साहू, भागवत प्रसाद, सतानंद, काशीराम, रमेश कुमार, पुजारी बिहारी राम साहू, नरेंद्र साहू, मेला राम, दिलीप राधेश्याम, दिनेश साहू, सुरेश साहू, मदन साहू, गोविंद साहू, माधव साहू, बिहारी साहू, प्रभात साहू, हरिशंकर साहू, कौशल प्रसाद साहू, माखन साहू, डीबी साहू, अंबिका साहू, शारदा साहू, कौशिल्या साहू, दुर्गा साहू, लक्ष्मी साहू, सविता साहू, भारती साहू, अमरिका साहू, भगवती साहू, राधा साहू, हरलता साहू, गोदावरी साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## धर्मांतरण के विरूद्ध सनातनियों को किया गया जागरुक

**तखतपुर।** ग्राम चूलघट में आयोजित श्रीरामचरित अखंड नवधा रामायण कार्यक्रम में हिंदू युवा मंच की टीम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि, गांव के हनुमान मंदिर में प्रत्येक मंगलवार हनुमान चालीसा का पाठ हो सामूहिक पाठ हो जिस गांव में शांति भाईचारा और सनातन हिंदू धर्म मजबूत होगा।

साथ ही साथ कोमल सिंह ठाकुर ने कहा कि, गांव में हिंदू धर्म को तोड़ने के लिए धर्मांतरण का षड्यंत्र किया जा रहा है। उन्होंने कहा, सनातन धर्म को छोड़कर दूसरे धर्म को अपनाना ही सबसे बड़ा पाप है।





इस अवसर पर प्रत्येक हिंदू परिवार से गाय पालने के लिए निवेदन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य ऋषभ कश्यप, हेमंत कश्यप, निशु कश्यप, असलेखा कश्यप, अंजू कश्यप, लता धनकर, समुद्र कश्यप, विजय कश्यप, दुर्गेश यादव, अनीता यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### समर्थ पोर्टल से संपत्ति कर वसूली की प्रक्रिया तेज

**मुंगेली।** जिले की ग्राम पंचायतों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से संपत्ति कर वसूली की प्रक्रिया तेज की जा रही है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों में छत्तीसगढ़ पंचायतीराज अधिनियम की धारा 77 उपधारा (1) के तहत नियमानुसार संपत्ति कर अधिरोपित कर वसूली की जा रही है। प्रक्रिया के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में राशन कार्डधारियों से स्व-घोषणा पत्र भरवाकर मकानों की पूंजीगत लागत के आधार पर ग्रामसभा में संपत्ति कर की दर तय की जा रही है। निर्धारित प्रावधानों के अनुसार संपत्ति कर की दर न्यूनतम 0.20 पैसे से अधिकतम 0.30 पैसे प्रति 100 रुपये तक निर्धारित की गई है, जिसके आधार पर पंचायतों में कर वसूली की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत पथरिया में 3 लाख 89 हजार 500 रुपये से अधिक, जनपद पंचायत मुंगेली में 5 लाख 51 हजार 580 रुपये से अधिक तथा जनपद पंचायत लोरमी में 1 लाख 67 हजार 970 रुपए से अधिक की कर राशि ग्राम पंचायतों में जमा कराई गई है। यह राशि पंचायतों द्वारा अपने क्षेत्र के विकास कार्यों में नियमानुसार व्यय की जाएगी, जिससे ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही ग्राम संपदा मोबाइल ऐप के माध्यम से ग्राम पंचायतों में विगत वर्षों में कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी भी ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही है।

## लोक अदालत में पुराने मामलों का निराकरण



**तखतपुर।** तखतपुर में नेशनल लोक अदालत में कई पुराने मामलों का निराकरण किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट तखतपुर के जज ऋचा यादव ने बताया कि, नेशनल लोक अदालत जनता और अदालत से मिलने का सीधा अवसर होता है।

जनता अपनी बात बिना किसी वकील के सीधे जज के समक्ष रख सकते हैं। नेशनल लोक अदालत का मुख उद्देश्य ही है कि, ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण हो। आज के नेशनल लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जिला ग्रामीण बैंक, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्व सहायता समूह, मितानिन और अन्य विभागों द्वारा शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें अधिकांश पुराने से पुराने प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### नकद, मोबाइल व बाइक सहित कुल 5.18 लाख का माल जब्त

## जुए के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 13 गिरफ्तार

**भर्रीडांड़।** जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, जुआ एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खिलारी के निर्देशानुसार जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जा रही है एवं सघन चेकिंग एवं विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक शुक्रवार 13 मार्च को मरवाही पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, ग्राम बरौर एवं उषाढ़ के बीच जंगल क्षेत्र में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रूपये-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल मरवाही थाना एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी कर छापेमार कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही कुछ लोग जंगल एवं खाई की आड़ में फरार हो गए, जबकि मौके पर जुआ खेलते हुए 13 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकद रकम, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल एवं जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री जप्त की गई।

गिरफ्तार आरोपी- नितपाल केवट उर्फ पिंटू उम्र 36 वर्ष निवासी परासी, दिनेश कुमार केवट उम्र 42 वर्ष, निवासी रेहुंदा थाना बिजुरी अनुपपुर मप्र, प्रहलाद प्रधान उम्र 33 वर्ष, निवासी चनाडोंगरी थाना मरवाही, धनुषधारी उम्र 45 वर्ष, निवासी बरौर थाना मरवाही, राजेश गुप्ता उम्र 30 वर्ष, निवासी बरौर थाना मरवाही, मोहम्मद सैफ अली उम्र 30 वर्ष, निवासी कोतमा अनुपपुर, खेमचंद केवट उम्र 26 वर्ष, निवासी हरी थाना रामनगर अनुपपुर मप्र, भुनेश्वर केवट उम्र 38 वर्ष, निवासी बरौर थाना मरवाही, फुलेख राम केवट, उम्र 30 वर्ष, निवासी हर्री अनुपपुर मप्र, मुकेश कुमार केवट उम्र 51 वर्ष, निवासी आमाडाड अनुपपुर मप्र, मोती सिंह उम्र 40 वर्ष, निवासी कटरा थाना मरवाही, कृष्णा प्रजापति उम्र 26 वर्ष, निवासी कोतमा अनुपपुर मप्र, अंकित तिवारी उम्र 32 वर्ष, निवासी बिजुरी अनुपपुर मप्र को गिरफ्तार किया गया।

जब्त की गई सामग्री- आरोपियों के कब्जे से कुल 30 हजार 350 रुपए नकद, 2 नग वीवो, 3 नग ओप्पो, 1 नग पोको, 1 नग आईटेल व एक नग 1 नग सैमसंग का कीपैड मोबाइल कीमती लगभग 27 हजार 500 एवं 12 मोटरसायकल कुल अनुमानित कीमत 4 लाख 60 हजार 500 को जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त ताश की गड्डी व दरी को भी जब्त किया गया।



### जुआ खिलाने वाले फरार, तलाश जारी

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि, नान्हू उर्फ महिपाल सिंह, निवासी ग्राम उषाढ़ व बाली उर्फ बालमुकुंद गुप्ता, निवासी बरौर जुआ का संचालन करते थे। इनके द्वारा जुआ खेलने के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाता था एवं खाने-पीने, ताश पत्ती एवं हारने वालों को उधार पैसे की व्यवस्था भी कराई जाती थी। पुलिस कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपी जंगल का लाभ उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

## फाग गीत की धुन पर जमकर थिरके विधायक अटल

### होली लोगों के दिलों को जोड़ने का काम करता है: अटल

**रतनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन चापी जलाशय में किया गया, जिसमें विधायक अटल श्रीवास्तव और जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री भी शामिल हुए। इस दौरान विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि, होली एक ऐसा त्योहार है, जो लोगों के दिलों को जोड़ने का काम करता है। इस त्यौहार में लोगों के बीच सभी तरह के भेद खत्म हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुर बधाई के पात्र है, जिन्होंने इतने शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान नगाड़े और ढोलक के थाप और फाग गीत के धुन ने ऐसा समा बांधा कि, विधायक अटल भी खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, कांग्रेस नेता आदित्य दीक्षित, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पांडे, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक, महेश दुबे, नरेंद्र बोलर, पंचराम सूर्यवंशी, अभय नारायण राय, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुर के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी, अश्वनी उद्देश्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन यासीन खान और आभार प्रदर्शन शीतल जायसवाल में किया। इस अवसर पर मदन कहरा, रवि परिहार, गोवर्धन आर्मो, संतोष साहू, कृष्णा साहू, अभिषेक मिश्रा, सावन यादव, रॉकी अनुरागी, कुल दीपक दुबे, सुनील अग्रवाल पार्षद, शिवा पांडे, बीना मसीह, नाजरा खान, जशवंत जायसवाल, जगन्नाथ आर्मो, आशीष शर्मा, नीरज जायसवाल, संजय जायसवाल, कान्हा गुप्ता, सबलू पांडे, कपिल जायसवाल, एके राय, हंस मनी महंत, संजू जायसवाल, अनिल जायसवाल, महावीर साहू, अजय दुबे, अमित दुबे, राजेश ठाकुर, अगर दास मानिकपुरी, रामनीहोरा कमलशेंन, संतोष सोनी, जनार्दन भोसले, नेतराम साहू नीलू सिंह ठाकुर, शुक्रिता पोर्ट, श्यामा मानिकपुरी, कमल साहू एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







## महिला शक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत: सुशांत

**बेलतरा।** बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के विधायक कार्यालय सेवा सदन में बेलतरा विस क्षेत्र की भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने होली मिलन कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया।

कार्यक्रम में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, सद्भाव व सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

- भाजपा महिला मोर्चा ने अबीर-गुलाल के साथ

सभी ने पारंपरिक गीत-संगीत के साथ होली के पावन पर्व का आनंद लिया और समाज में एकता, भाईचारा तथा सौहार्द को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक सुशांत शुक्ला ने सभी बहनों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, होली का पर्व हमारे समाज में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। महिला शक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत है और महिला मोर्चा की बहनें समाज सेवा और संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने क्षेत्र के विकास तथा समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैल भोई, जिला मंत्री कुंती मेहर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गायत्री साहू, स्वेता शुक्ला पांडेय, जोन अध्यक्ष रेखा सुर्यवंशी, एमआईसी मेम्बर रेखा ओमप्रकाश पांडेय, पार्षद ममता मिश्रा, पार्षद कमला पटेल,पार्षद मनोरमा यादव, शैल कश्यप, अरुणिमा मिश्रा, अंकिता शुक्ला, सीता सिंह ठाकुर, शकुंतला काछी, जनपद सदस्य सुरेखा पटेल, सुनीता साहू, रीना झा, सोनम ध्रुव, जयंती सोनी, मीरा राजपूत, भव्या शुक्ला, अणिमा तिवारी, बबीता ताम्रकार,वीना तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**

क्र/क/ रा.नि./2026

जूना बिलासपुर दिनांक 05/03/ 2026

प्रति,

1.सूरज दुबे पिता स्व. सनतकुमार दुबे 2. फातिमा बेगम पति कमाल खान 3. वाजिद अली पित युसूफ अली 4. विजय आहुजा पिता चेतन दास 5. गीता येन्डे पिता वेंकटराव 6. सावित्री पति रमाकांत थवाईत 7. लक्ष्मीप्रसाद पिता भगेला देवांगन 8. हरीशचन्द्र पिता रामप्रसाद देवांगन 9. रामदास पिता कुंजवा मानिकपुरी 10.जगदीश प्रसाद पिता ठाकुर 11. बसंत, हेमंत पिता शंकर 12. अशोक प्रजापति एवं सर्वसंबंधित बटांकित भूमि स्वामी (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज आवेदक के बताए अनुसार)

विषय - सीमांकन में उपस्थित होने बाबत ।

संदर्भ - न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क/क/ तह/वाचक/2026 बिलासपुर दिनांक 26/12/25

आवेदक सूरज दुबे निवासी कुदुदण्ड के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं.36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 294/10 रकबा 0.012 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 17-3-26 को समय 12 से 5 बजे किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

टीप:- 1-आवेदक सीम: चिन्ह स्थगित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति ने अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

टीप :- इस सीमांकन हेतु तहसीलदार द्वारा टीम गठित किया गया है।

प्रतिलिपि - 1. पटवारी हल्का नंबर 36 अभिलेख रहित मौके पर उपस्थित होवें। 2. प्रधान संपादक स्थानीय दैनिक समाचार पत्र की ओर प्रकाशनार्थ। 3. माल जमादार/ग्राम कोटवार सर्वसंबंधितों को सूचना पत्र तामिल करावें। 4. श्रीमान थाना प्रभारी थाना सीटी कोतवाली आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध 5. श्री कुलदीप शर्मा आर.आई, अनिल जायसवाल पटवारी हलका नंबर 44 यूगांत क्षत्री पटवारी हल्का नंबर 23, कृष्णा यादव पटवारी हल्का नंबर 37

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

## विस घेराव को लेकर जिला कांग्रेस की तैयारी बैठक

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 17 मार्च को प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

इसी क्रम में नेचर कैंप गंगनई में जिला अध्यक्ष गजमती भानु की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस की तैयारी बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिसमें विधानसभा घेराव कार्यक्रम के प्रभारी एवं बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडे की उपस्थिति रही। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों के अनुरूप विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष गजमती भानु ने कहा कि, प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जीपीएम जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रायपुर पहुंचकर विधानसभा घेराव में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जिले के सभी ब्लॉक, मंडल और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में शामिल कराने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुटता के साथ विधानसभा घेराव में शामिल होकर प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि जीपीएम जिले से कम से कम 500 से अधिक कार्यकर्ता रायपुर पहुंचकर इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। बैठक को पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव, आदिवासी कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक अर्चना पोर्ते, वीरेंद्र सिंह बघेल, नारायण शर्मा, गुलाब राज, राकेश मसीह, मूलचंद कुशराम सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।





### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

**मुंगेली।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जारी जानकारी के अनुसार भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। अभ्यर्थियों को सबसे पहले वेबसाइट पर जाकर यूजर रजिस्ट्रेशन करना होगा, जिसके बाद लगिन कर अपनी पात्रता के अनुसार श्रेणी में आवेदन करना होगा।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# जनप्रतिनिधियों ने कहा- तेजी से होने चाहिए विकास के कार्य

**मुंगेली ।** हरिभूमि आईएनएच के जिला संवाद कार्यक्रम में प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधयों से चर्चा की। चर्चा में यह सामने आया कि मुंगेली जिले के विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। जिला बनने के 14 साल बाद क्षेत्र में काम तो हुए हैं लेकिन उसे तेजी से नहीं जैसा कि होना चाहिए।





रविवार को मुंगेली जिला मुख्यालय में आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी एवं कार्यक्रम में उपस्थित नागरिक।

### अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पा रहे हैं जनप्रतिनिधि -घनश्याम वर्मा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि मुंगेली जिले से केंद्रीय राज्य मंत्री हैं राज्य के डिप्टी सीएम भी इसी जिले से हैं और वरिष्ठ भाजपा के विधायक पुन्नू लाल मोहले भी इसी जिले में है इसके बावजूद भी विकास का पहिया लगभग थमा हुआ है। कोई भी काम अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा है। 165 साल पुराने इस तहसील में शिक्षा स्वास्थ्य के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योगों पर कोई काम नहीं हो सका है। कृषि प्रधान जिला होने के साथ ही यहां काफी संभावनाएं हैं पर्यटन में भी क्षेत्र आगे बढ़ सकता है लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस में गुटबाजी पर उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी एकजुट है और अगले चुनाव में मुंगेली जिले से सभी सिम कांग्रेस के खाते में जाएगी। कांग्रेस को मुंगेली से हर क्यों मिलती है इस पर पार्टी के साथ मिलकर समीक्षा की जा रही है। इस बार मुंगेली से टिकट किसको मिलेगा इसका फैसला हाईकमान ही करेगा। कांग्रेस की सरकार ने अपने 5 सालों में शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दिया जबकि इस सरकार के खाते में बताने लायक कुछ भी नहीं है।

### आधारभूत सुविधाओं पर भाजपा का अधिक ध्यान- दीनानाथ केशरवानी

जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के साथ ही वरिष्ठ विधायक होने का कोई दबाव उन पर नहीं है बल्कि एक परिवार के रूप में सभी का मार्गदर्शन और सहयोग मिल रहा है। सभी मिलकर पार्टी के लिए काम कर रहे हैं और जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कोशिश जारी है। 2012 में मुंगेली के जिला बनने के बाद से आधारभूत संरचनाओं पर काम हो रहा है। अस्पताल बनाए जा रहे हैं तो पुल पुलिया का निर्माण जारी है। सड़कों के बनने पर अधिक ध्यान है । उन्होंने स्वीकार किया कि मुंगेली शहर में नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव में हर की समीक्षा होनी चाहिए। कांग्रेस की सरकार ने अपने 5 साल में सरकारी जमीनों को बेचने का काम किया जिससे अधिक परेशानी हो रही है। यदि मुंगेली के दानदाता नहीं होते तो कोई भी सरकारी भवन नहीं बन पाता।

जिला संवाद 2026

### संगठन-प्रशासन मिलकर कर रहे हैं काम- श्रीकांत पांडे

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे ने कहा कि जो अधिकार हमें मिले हैं उसे हिसाब से बेहतर काम करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन और संगठन का इसमें पूरा सहयोग मिल रहा है। खास तौर पर पंचायत में योजनाएं लागू की जा रही हैं। पिछले कुछ समय में पंचायत क्षेत्र में 10 करोड़ से अधिक के काम स्वीकृत हुए हैं जिन पर तेजी से काम चल रहा है। इसी कारण जल संवर्धन योजना में मुंगेली जिला प्रदेश में सबसे आगे है।

### हमने सवा सौ करोड़ के काम कारण फिलहाल सब ठप- संजीत बनर्जी

मुंगेली जिले के पूर्व विधायक प्रत्याशी संजीत बनर्जी ने कहा कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहने के दौरान उन्होंने मुंगेली जिले में लगभग सवा सौ करोड़ के काम कर आए थे। और वही काम आज भी दिखाई पड़ रहे हैं भाजपा सरकार ने इन पर ध्यान देना बंद कर दिया है और सब काम ठप पड़े हैं। जिला खनिज नाथ से भी एक भी राशि स्वीकृत नहीं हो पा रही है। हाल यह है कि भाजपा के शासनकाल में एक भी बैठने की व्यवस्था नहीं हो पाई है। भाजपा के सभी नेता मंत्री और जनप्रतिनिधि आपसी लड़ाई में बंटे हुए हैं और इसका नुकसान क्षेत्र की जनता को हो रहा है। हाल यह है कि छोटे से चुनाव को जीतने के लिए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुंगेली जिले में सभा करनी पड़ती है।

### कांग्रेस की गलत नीतियों से काम प्रभावित हुआ- देवचरण भास्कर

भाजपा नेता देवचरण भास्कर ने कहा कि 5 साल कांग्रेस की सरकार सत्ता में रही इसलिए मुंगेली जिले का विकास प्रभावित हुआ। कांग्रेस ने गलत नीतियों को लागू किया जिससे आधारभूत सुविधाओं पर असर पड़ा। कांग्रेस के 5 साल में जनता त्रस्त रही इसी कारण कांग्रेस पार्टी 70 सीटों से सिमट कर 35 सीटों पर पहुंच गई। उन्होंने पुन्नू लाल मोहल्ले को अजय योद्धा बताते हुए कहा कि अगले चुनाव में भी भाजपा की सरकार बनेगी। पिछले दो सालों में भाजपा के कार्यकाल में क्षेत्र का विकास तेजी से हो रहा है। शिक्षा के साथी स्वास्थ्य सड़क और दूसरी योजनाओं पर काम तेजी से जारी है।

## जनप्रतिनिधियों और सरकार का मिल रहा सहयोग, इसलिए जिले की व्यवस्थाएं पटरी पर

कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है इसलिए ही मुंगेली जिले में व्यवस्थाएं पटरी पर हैं।

### 112 करोड़ का मुंगेली नांदघाट रोड स्वीकृत: कलेक्टर

मुंगेली जिले के कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि वीडियो के साथ ही जनता का सहयोग जिले में मिल रहा है इसलिए काम करने में आसानी हो रही है। जिला मुख्यालय के साथी लोरमी और पथरिया ब्लाक में भी विकासके काम। 112 करोड़ का मुंगेली नांदघाट रोड स्वीकृत हो गया है जिस पर काम तेजी से जारी होगा। पीडब्ल्यूडी और पीएमजीएसवाई के तहत भी सड़कों और पुल पुलिया का काम जारी है। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा इसके लिए सभी अधिकारी को निर्देश दे दिए गए हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर काम हो रहा है इसलिए ही आयुष्मान कार्ड बनाने में मुंगेली जिला 9 बे स्थान पर है। बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य योजनाएं लागू की गई है जिसमें 17000 कार्ड बनाए गए हैं। आभा आईडी के तहत भी डेढ़ लाख कार्ड बनाने का टारगेट है।



हरिभूमि आईएनएच के मंच पर अपने विचार रखते अफसर।

### सबके सहयोग से जिले में कानून व्यवस्था बेहतर- एसपी

जिले के एसपी भोजराम पटेल ने कहा कि जनता के सहयोग से जिले में कानून व्यवस्था बेहतर है। छोटी मोटी घटनाओं को छोड़कर बड़े वारदात नहीं हो रहे हैं यह बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है। जिले में साइबर पुलिसिंग के साथ ही कम्युनिटी पुलिसिंग लागू की गई है। बीट सिस्टम के हिसाब से हर क्षेत्र में जवानों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही बेसिंग पुलिसिंग पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। विप सिक्योरिटी पुलिस के वर्क का एक अहम हिस्सा है इसलिए इसे अलग नहीं किया जा सकता। हर मंगलवार को टाइम लिमिट की बैठक से पहले पुलिस समीक्षा करती है। इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार होती है और किस क्षेत्र में कितना काम करना है इस पर मंथन किया जाता है। जिले में चाहे रेट का काम हो या धान का कोई भी अवैध काम नहीं होगा इस पर स्वतंत्र रूप से निष्पक्ष कार्रवाई होती है। अवैध रेखाखंड का कोई बहुत बड़ा मामला अभी तक तो सामने नहीं आया है।

### अवैध कटाई रोकने के साथ ही पौधरोपण पर ध्यान- डीएफओ

वन मंडल अधिकारी अभिनव कुमार ने कहा कि जिले में अवैध कटाई लगभग बंद हो गई है और बड़ी शिकायत नहीं मिली है। हालांकि इसे पूरी तरह रोक पाना काफी मुश्किल है लेकिन जिला प्रशासन के साथ ही पुलिस के साथ संबंध में बनाकर इसे रोका जा रहा है। इस क्षेत्र में कार्रवाई के साथ ही जागरूकता भी काफी जरूरी है। जगह-जगह इसके लिए अभियान भी चलाए जा रहे हैं। वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए पौधारोपण भी एक आम हिस्सा है वन विभाग इस पर ध्यान दे रहा है। पिछले दिनों 1 दिन में 110000 पादरोपण किया गया जो की रिकॉर्ड बुक में शामिल किया गया है।

### ग्राम पंचायत से काम मंगा कर उसे पूरा कर रहे हैं- जिपं सीईओ

जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडे ने कहा कि ग्राम पंचायत के आधार पर काम हो रहा है। इसमें जिला प्रशासन के साथी जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत ग्रामीण विकास की सर्वोच्च संस्था है, जो जनपद और ग्राम पंचायतों के बीच समन्वय, विकास योजनाओं (सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी) का क्रियान्वयन, बजट आवंटन, और शासकीय योजनाओं की निगरानी करती है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना निर्माण, रोज़गार सृजन, कृषि विकास, और कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए जिम्मेदार है। जिले के लिए वार्षिक विकास योजना बनाना और उन्हें लागू करना, जिसमें पक्की सड़कें, नालियां, सामुदायिक शौचालय और स्कूल निर्माण शामिल हैं। इस सभी पर काम हो रहा है।

## दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मुंगेली जिले के विकास पर देना होगा ध्यान

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मुंगेली जिले के विकास पर ध्यान देना होगा। सरकार चाहे किसी की भी हो सड़क, नाली, पानी, बिजली की सुविधाएं लोगों को मिलनी चाहिए।

### नगर पालिका चलिए मिलकर काम करना है- रोहित शुक्ला

नगर पालिका मुंगेली के अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने कहा कि मुंगेली शहर के लिए सभी के साथ मिलकर काम करना है। उन्होंने इस बात को शिकार किया कि इसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साहू का सहयोग उन्हें मिल रहा है। 20 नगर पालिका और जनपद में से 19 जगह पर हर मिलने के बाद सिर्फ एक मुंगेली शहर में जीत पर उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के संगठन के साथ ही भाजपा के कुछ लोगों का सहयोग भी रहा है। विधानसभा चुनाव में हर पर उन्होंने कहा कि जरूर कहीं कुछ चल कोई कमी रही होगी इससे इस बार पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने खासतौर पर मुंगेली में सड़क नाली पानी बिजली की सुविधाओं पर अधिक ध्यान देने की बात कही।



जनता से रुबरु होकर नगर के विकास व उसकी समस्याओं पर चर्चा करते जनप्रतिनिधि।

### बिना बोले ही सारा काम हो जाता है-सुजीत वर्मा

नगर पालिका लोरमी के अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के होने का फायदा उन्हें विकास कार्यों के लिए मिलता है। कई योजना बिना बोले ही उनके क्षेत्र में लागू हो जाती है जिससे उन्हें काम करने में आसानी होती है। क्षेत्र के लोग विकास कार्यों से खुश हैं और यह तय है कि अगले चुनाव में भी भाजपा की ही सरकार बनेगी।

### पिछले दो सालों में भाजपा ने विकास के कई कार्य किए- लखन लाल साहू

लोरमी क्षेत्र के पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने 5 सालों में विकास को रोक दिया था। सत्ता में आने के बाद पिछले दो सालों में भाजपा की साय सरकार ने विकास के कई कार्य किए हैं। सांप्रदायिक वातावरण को बढ़ावा देते हुए माहौल खराब किया गया था। यदि कांग्रेस सरकार फिर सत्ता में आती तो क्षेत्र को गर्त में धकेल देती इसलिए ही जनता ने सत्ता पलट दी। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में भाजपा ने काफी मजबूती से काम किया है सड़कों की स्वीकृति मिली है तो मुंगेली में ऑडिटोरियम का काम तेजी से जारी है। नगर पालिका का नया भवन बनाया जा रहा है। इसके अलग 100 करोड़ के काम मुंगेली में हो रहे हैं। पुल पुलिया का निर्माण भी जारी है। जड़ा गांव में कॉलेज की सिक्योरिटी अलग से मिली है। किसानों के हित में भी कार्य किए गए हैं।

### 17 साल भाजपा की सरकार रही मुंगेली में कुछ नहीं हुआ- हेमेंद्र गोस्वामी

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने कहा कि 15 साल भाजपा की सरकार पहले रही और अभी 2 साल फिर हो गया है इन 17 सालों में मुंगेली में कुछ नहीं हुआ। भाजपा ने सिर्फ वादे और घोषणा किए जिसे कभी पूरा नहीं किया गया। राज्य बनने के बाद शुरुआती 3 सालों में तो सिर्फ बंटवारे में ही कांग्रेस सरकार का निकल गया काम बहुत अधिक नहीं हो पाया। इसके बाद जब 2018 में सरकार बनी तो ढाई साल से अधिक कोरोना कल का निकल गया जिससे चाह कर भी हम कुछ नहीं कर पाए। इसके बाद भी कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में 6 तहसील बने नगर पंचायत बनाया। आत्मानंद स्कूल खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति की स्वास्थ्य पर भी अधिक ध्यान दिया गया। यदि भाजपा मुंगेली जिले के लिए काम करती है तो हम उसके साथ हैं और सहयोग करेंगे। गुड़िया जल से मुंगेली क्षेत्र में है लेकिन इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जल जीवन मिशन के कई काम अधूरे हैं। हालत यह है कि सड़कों के साथ ही आधारभूत मामलों में कोई काम नहीं हो रहा है। पंडरिया रोड पथरिया रोड इतने खराब है कि वहां से गुजरना मुश्किल है।

# मुंगेली जिले के विकास में न हो कोई कसर

मुंगेली में जिला संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत समाजसेवी शिक्षाविद् और पर्यावरण प्रेमियों से प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी ने चर्चा की। उनका मानना है कि अभी जिले में अभी बहुत काम करने की गुंजाइश है। आधारभूत संरचनाओं में प्रगति जारी रहनी चाहिए। सभी आगंतुकों ने माना कि मुंगेली जिले के विकास के लिए कोई कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए।





### शैक्षणिक गतिविधियों में विकास जरूरी-संतू लाल सोनकर

मुंगेली जिले के शिक्षाविद संतू लाल सोनकर का मानना है कि जिले में शैक्षणिक गतिविधियों में विकास होना बहुत जरूरी है। मेडिकल कॉलेज के लिए घोषणा होने के साथ ही जमीन की तलाश तो शुरू हो गई है लेकिन यह कब बनकर पूरा होगा यह कहनाअभी मुश्किल है। नर्सिंग कॉलेज भी अभी नहीं खुल पाया है आईटीआई जरूर है जिसका लाभ क्षेत्र केयुवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुंगेली जिले में केंद्रीय विद्यालय भी खुलना चाहिए। शिक्षकों की भर्ती के साथ ही स्कूलों की मरम्मत और नए भवन की भी जरूरत मुंगेली जिले में है। इस पर सरकार को ध्यान देना होगा।

### आवागमन के साथ विकास के लिए बहुत जरूरी- रामपाल सिंह

जिले के पर्यावरण प्रेमी रामपाल सिंह का मानना है की घोषणाओं के साथ उसका जमीनी धरातल पर उतरना भी बहुत ज़रूरी है। मुंगेली में विकास के काम तो हुए हैं लेकिन अपेक्षित गति से नहीं। सड़के आवागमन के साथ ही प्रगति का आधार बनती है इसलिए इन पर काम होना जरूरी है। मुंगेली जिला कृषि प्रधान है लेकिन आज तक प्रोसेसिंग यूनिट नहीं लग सकी है। पर्यावरण पर भी विशेष ध्यान देना होगा। मातृ शिशु अस्पताल चल रहा है जिसका लाभ मुंगेली जिले को मिल रहा है।

### कृषि इंडस्ट्री मुंगेली जिले में स्थापित हो सकती है- श्रीकांत गोवर्धन

जिले के समाज श्रीकांत गोवर्धन का मानना है कि मुंगेली जिले में कृषि की अपार संभावनाएं हैं और यह कृषि प्रधान क्षेत्र शुरू से रहा है। इसलिए यहां कृषि इंडस्ट्री स्थापित हो सकती है। मुंगेली जिले में अनाज की भरपूर पैदावार देखते हुए इसे बाहर ले जाने की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। फिलहाल यह जिला इससे वंचित है। जिले में सिंचाई की सुविधा बड़ी है लेकिन इस पर और ध्यान देना होगा। अधिक दोहन होने के कारण ही जिले के कृषक गर्मी की धान नहीं ले पा रहे हैं।

### अस्पतालों में उपकरण तो है लेकिन एक्सपर्ट्स की कमी से परेशानी- डॉ विनय गुप्ता

जिले के समाजसेवी डॉक्टर विनय गुप्ता का मानना है कि जिले मैं स्वस्थ गांव पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। यहां का जिला अस्पताल बेहतर तो है लेकिन यहां एक्सपट्रस डॉक्टर की कमी है। सरकार उपकरण तो खरीद ले रही है लेकिन स्टाफ की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। यहां तक की सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी मरीज निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हैं। सरकारी संस्थानों पर लोगों का भरोसा नहीं रह गया है। यहां तक की सरकार अस्पतालों और दूसरे संस्थानों के लिए जमीन भी नहीं दे पा रही है।

## खबर संक्षेप

### चाकू दिखाकर डराने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली, महाराणा प्रताप चौक व तालापारा में युवक हाथ में चाकू रखकर लोगों को डरा धमका रहे हैं। पुलिस ने दोनों जगहों मे दबिश देकर जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी शेरा मिरी पिता झुराराम 33 साल, अभिषेक दिवाकर पिता होरीलाल 24 साल को पकड़कर दो नग चाकू बरामद किया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चोरी की ट्रैक्टर ट्राली सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर व ट्राली सहित एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 13 मार्च को शुभम विहार बापजी रेसीडेंसी निवासी आकिब अहमद पिता रकीब अहमद 37 साल की दुकान के सामने में खड़ा ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 16 सीएन, 7187 ट्राली सहित चोरी हो गया था। पुलिस ने पतासाजी कर सीपत जांजी निवास जितेन्द्र धीवर पिता हीरालाल धीवर 35 साल को पकड़कर मस्तूरी क्षेत्र से ट्रैक्टर व ट्राली बरामद कर लिया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### पत्नी को कमेंट करने से मना करने पर पिटाई

**बिलासपुर।** पत्नी को कमेंट करने से मना करने पर युवकों ने पति के साथ जमकर मारपीट कर दी है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाले पति पत्नी गाड़ी से जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार युवकों ने उनकी पत्नी को कमेंट करने लगे। महिला ने यह बात अपने पति को बताई। पति ने गाड़ी रोककर युवकों को कमेंट करने से मना किया तो युवकों ने पत्नी के सामने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर ओडिशा निवासी यखिया मानव पिता गाजिद मानन, दीपनाग पिता शंकरनाग, सुभाष धीवर पिता स्व. सत्यवीर धीवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कोयला खदान मजदूर संघ का अधिवेशन आज

**बिलासपुर।** सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ (अखिल भारतीय स्तर) द्वारा 16 मार्च को वार्षिक आमसभा सह अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जयंत क्षेत्र के कल्याण मंडपम एनसीएल में सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य उद्घाटक अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष जगतनारायण सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि सीएमपीएफओ सिंगरौली के क्षेत्रीय आयुक्त नवीन निश्चल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह और संचालन ए के सिंह करेंगे। इस अधिवेशन में सेवानिवृत्त कामगारों के हितों के लिए 6 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की जाएगी, जिनमें हैं ग्रेच्युटी की सीमा को 20 व 25 लाख रुपए करना। सीएमपीएस 1998 के तहत हर 3 से 5 साल में पेंशन का पुनरीक्षण, पेंशन निर्धारण में एसडीए की गणना को पुनः बहाल करना। सीपीआरएमएस एनई चिकित्सा राशि को बढ़ाकर 75 हजार वार्षिक और अस्पताल भर्ती पर 50 लाख करने, पेंशन में देरी होने पर ब्याज सहित भुगतान सुनिश्चित करने, एनसीएल जोन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और महामंत्री प्रदीप कुमार पाण्डेय ने सभी संबंधित सदस्यों से इस अधिवेशन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

**दुकानदारों में मचा हड़कंप**

**2 माह में प्रशासन ने दिखाया तेवर, 25 हजार से 1 लाख का जुर्माना वसूला**

# खाद्य सामग्रियों में मिलावट, प्रशासन ने किया लाखों का जुर्माना

**बिलासपुर।** मिलावटी सामान, नकली और गुणवत्ताहीन खाद्य सामाग्रियों पर फूड सेफ्टी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। हाल ही में विभाग द्वारा भेजे गए प्रकरणों में दुकानदार और संचालकों पर जुर्माना लगाया गया है, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया है।



अगस्त से नंवबर के बीच लिए गए खाद्य सामग्रियों के सैंपलों में मिलावटी रंग और नकली ब्रांड के सबूत मिले हैं। विभाग ने इस दौरान 30 से अधिक सैंपल रायपुर स्थित राज्य खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। इस दौरान 9 प्रकरणों में विभाग ने 2 लाख 80 हजार का जुर्माना किया है। इसके बावजूद मिलावट के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। दरअसल, मिलावट खोरों पर कार्रवाई यदाकदा ही हो पाती है। अमूमन तो वे पकड़े ही नहीं जाते, अगर पकड़े भी जाते हैं तो नमूना भरने से लेकर जुर्माने तय होने तक की प्रक्रिया में ही अच्छा खासा समय लग जाता है। जुर्माना भी मिलावट करके कमाए गए मुनाफे के सामने कोई खास नहीं होता। लिहाजा मिलावटखोरों के हौसले बुलंद रहते हैं। खाद्य एवं औषधि विभाग की सर्वाधिक सक्रियता त्योहारों के आसपास ही रहती है। बाकी दिनों में चेकिंग की सिर्फ औपचारिकता ही निभाई जाती है। यही वजह है कि मिलावट का धंधा करने वाले काबू में नही आ रहे। दरअसल कार्रवाई के नाम पर इन पर केवल जुर्माना लगाया जा रहा है है। जब तक जुर्माना तय होता है तब तक मिलावटखोर उससे चार गुना मुनाफा कमा लेते हैं।

### इन पर लगाया जुर्माना

करीब दो महीने में एडीएम कोर्ट द्वारा विकास किराना मदनपुर को 15 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार रतनपुर के ग्लोरी परिवार ढावा 25 हजार, राय किराना स्टोर मस्तुरी 20 हजार, गोपाल किराना सरकंडा 25 हजार, जय मां कोसगई फ्रुट प्रोडक्ट पौसरा 20 हजार, राजा आलू प्यास भंडार तखतपुर 25 हजार, साहू किराना स्टोर रतनपुर 25 हजार, पंजाब मिल्क सिंधी कालोनी 25 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

### यह है नियम

नियम यह है कि यदि खाद्य पदार्थ का नमूना फेल हो जाता है, तो उसके विक्रेता, निर्माता प्रतिष्ठान को नोटिस जारी किया जाता है। इसमें कहा जाता है कि अगर वह केंद्रीय प्रयोगशाला में उस जांच रिपोर्ट को चैलेंज करना चाहता है तो अपील करे। अगर वह अपील करता है तो नमूना फिर से जांच के लिए लैब में भेज दिया जाता है। इसके लिए निर्धारित फीस संबंधित व्यक्ति को ही देनी पड़ती है। अपील न करने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाती है। इसके अलावा 30 दिन का समय नोटिस का जवाब देने के लिए दिया जाता है। अगर 30 दिन में भी दुकानदार कोई प्रतिक्रिया नहीं देता है तो रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामला न्यायालय में चलता है, लेकिन निर्णय आने में महीनों लग जाते हैं। केवल एडीएम कोर्ट से जुर्माना लगाकर कार्रवाई कराई जाती रही है। ऐसे में अगर किसी मिलावटखोर का सैंपल भरा जाता है तो वह भी समझ लेता है कि अधिक से अधिक जुर्माना ही हो सकता है।

### स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है मिलावट

रसायन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से शरीर के हर अंग को नुकसान हो सकता है। यह इस पर भी निर्भर करता है कि रसायन किस तरह का है। चिली सॉस में खट्टा करने से लेकर कई रसायनों का प्रयोग मिलावटखोर करते हैं। इसके लगातार सेवन से लिवर, दिल और किडनी पर भी असर होता है। इसका असर त्वचा पर भी पड़ता है, जिससे एग्जिमा, सोरायसिस आदि रोग होने लगते हैं। यदि लंबे समय तक इसका प्रयोग किया जाए तो हार्ट, किडनी फेल और कैंसर जैसी बीमारियां भी सामने आ सकती हैं।


### की जा रही है कार्रवाई

हमारी टीम द्वारा हर माह दुकान, प्रतिष्ठान और खाद्य भंडारों में छापामारी कार्रवाई करती है। हाल ही में 9 केस में एडीएम कोर्ट से जुर्माना लगाया गया है। इससे मिलावट खोरी और नकली ब्रांड की खाद्य सामग्री बेचने वालों को सबक मिल सकेगा।

-**आर आर देवांगन**, अभिहित अधिकारी, फुड एंड सेफ्टी

**रेलवे स्टेशन में लंबी दूरी की ट्रेनों को प्लेटफार्म नंबर 4 और 5 में दिया जाता है स्टापेज**

# दिल्ली, मुंबई, हावड़ा जाना है तो पार करना पड़ेगा सांपसीढ़ी जैसा एफओबी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 4 और 5 में हावड़ा और मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों के अलावा अन्य प्रमुख ट्रेनों का स्टापेज दिए जाने से यात्री हलाकान हैं, ट्रेन में सवार होने के लिए यात्रियों को गेट नम्बर एक पर बने सांप सीढ़ी वाले एफओबी को पार करना पड़ता है। मेन गेट से प्लेटफार्म नंबर पांच तक पहुंचते पहुंचते हट्टेकट्टे यात्रियों की भी सांस फूलने लगती है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में 8 प्लेटफार्म बनाए गए हैं। दो नए प्लेटफार्म भी बनाए जा रहे हैं, काम पूरा होने के बाद प्लेटफार्म की संख्या 10 हो जाएगी। कई वर्षों से रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नम्बर एक पर यात्रियों को अनारक्षित और आरक्षित टिकिट काउंटर के अलावा वाहनों की पार्किंग, रिटायरनिंग और डारमेट्री, वेटिंग हॉल, वीआईपी रूम, सीटीआई रूम सहित आरपीएफ और जीआरपी थाना भी यहीं से संचालित किया जाता रहा है। प्लेटफार्म नम्बर एक से लेकर 4-5 तक में पहले मुम्बई की ओर से हावड़ा जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट, दुर्ग, रायपुर से बिलासपुर होकर कटनी की ओर जाने वाली ट्रेनों के अलावा उत्कल व अन्य यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता है। यात्रियों को भी प्लेटफार्म नम्बर एक पर टिकिट लेकर सीधे ट्रेन में सवार होने की सुविधा भी मिल जाती है। वर्तमान में प्लेटफार्म की स्थिति ऐसी हो गई है कि सुबह से रात तक उत्कल, राजधानी और रात में आने वाली शालीमार एक्सप्रेस के अलावा बाकी अन्य ट्रेनों के बजाय केवल मालगाड़ी का स्टापेज ही दिया जा रहा है, जिसके कारण यात्री भी परेशान हो रहे हैं।

### कोच पकड़ने एक किलोमीटर का सफर

हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली अप और डाउन दोनों ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर 4-5 पर हो रहा है। गेट नम्बर एक पर रेल प्रशासन ने नागपुर एंड की ओर एफओबी का निर्माण कार्य किया है। यह एफओबी ऐसी है कि प्लेटफार्म नम्बर एक से दो तीन तक सीधी होने के बाद यात्रियों को पांच से छः सीढ़ियों को चढ़कर दूसरे एफओबी का सहारा लेकर प्लेटफार्म नम्बर पांच तक जाना पड़ रहा है। यह एफओबी सांप सीढ़ी की तरह बना हुआ है। एफओबी से नीचे जब यात्री प्लेटफार्म 4-5 में उतरते हैं तो उन्हें अपना कोच पकड़ने के लिए करीब एक किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ता है।

### एक नंबर पर रूकती हैं 10 ट्रेनें

प्लेटफार्म नम्बर एक पर जहां पांच साल पहले हावड़ा-मुम्बई सहित अन्य ट्रेनों को मिलाकर 25 से 30 यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता था, वहीं यात्री ट्रेनों के बजाय प्लेटफार्म पर स्टापेज होने वाली लांग हॉल मिलाकर मालगाड़ियों की संख्या 30 से 35 के बीच और साप्ताहिक ट्रेनें मिलाकर यात्री ट्रेनों की संख्या केवल 10 में पहुंच गई है। बिलासपुर स्टेशन में हर आधे घंटे में डाउन लाइन पर 95 और अप लाइन पर 85 ट्रेनें मिलाकर एक मालगाड़ी का आगमन हो रहा है, जिसके कारण प्लेटफार्म नम्बर एक पर जगह नहीं बच पाती है।



### केवल पैसों की बरबादी

पांच साल पहले रेलवे ने जर्जर और छोटे कटनी गेट में यात्रियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए बड़े गेट के अलावा प्लेटफार्म की लंबाई, चौड़ाई, एफओबी का विस्तार, लिफ्ट व अन्य निर्माण कार्य कराया था, जिसमें करीब 8 करोड़ से अधिक राशि खर्च की गई थी। इसके साथ ही प्लेटफार्म नम्बर एक पर ही यात्रियों को गर्मी से बचाने के लिए वाटर मिस्टिंग मशीन भी लगाई गई है। यह सारी सुविधाएं तो प्लेटफार्म पर है, लेकिन ट्रेनों के नहीं होने के कारण करोड़ों खर्च करने के बाद भी प्लेटफार्म वीरान हो गया है। दूसरे प्लेटफार्म पर यात्रियों को प्लेटफार्म नम्बर एक पर दी गई सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

### मैन्यूअल है आपरेटिंग परिचालन

बिलासपुर रेल मंडल और सेक्शन में 250 से अधिक मालगाड़ियां और 100 से अधिक कोचिंग ट्रेनें हैं। इन सभी ट्रेनों का परिचालन मैन्यूअल आपरेटिंग के जरिए होता है। दो कोचिंग ट्रेनों की अपेक्षा मालगाड़ियों की संख्या अधिक है, इसलिए स्वभाविक है कि स्टेशन प्लेटफार्म पर मालगाड़ियां दिखाई देगी। वहीं मालगाड़ियों के कारण कोचिंग ट्रेन के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ता है।

-**अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर



पानी के लिए जद्दोजहद करते लोग।

# मिनीमाता नगर जरहाभाठा में पंप जला, टैंकर से सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ पानी के लिए हलाकान हुए वार्डवासी

मिनीमाता नगर जरहाभाठा में पंप जल जाने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। इसके चलते वार्ड वासियों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। हालांकि नगर निगम द्वारा तत्काल टैंकरों से पानी की सप्लाई कर दी गई थी, जिससे लोगों को निस्तारी के लिए पानी की दिक्कत नहीं हुई।




शहर के बीच स्थित मिनीमाता नगर जरहाभाठा में बीते दिनों टैंकर से की गई पानी की सप्लाई ने भीषण जलसंकट की ओर इशारा कर दिया है। अभी मार्च के महीने में हालत ऐसी है तो अप्रैल-मई में क्या स्थिति होगी? पंप चालू ही नहीं हो पाने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो सकी थी, जिससे वार्ड के लोगों में पानी को लेकर चिंता होने लगी। इस दौरान सूचना मिलने पर नगर निगम द्वारा तत्काल टैंकर रवाना किया गया। नगर निगम की ओर से निस्तारी के लिए भेजे गए टैंकर को देखते ही वार्डवासियों में पहले पानी भरने को लेकर होड़ सी मच गई थी, हालांकि नगर निगम प्रशासन ने शहर के भीतर पानी को लेकर फिलहाल किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं होने की बात कही है।

### लाइट बंद थी

पंप खराब होने जैसी कोई बात नहीं थी। लंबे समय के लिए लाइट बंद होने के कारण पानी सप्लाई नहीं हो सकी थी। शहर के भीतर किसी भी वार्ड में फिलहाल टैंकर से पानी सप्लाई की नौबत नहीं आई है।

-**अनुपम तिवारी**, ईई एवं प्रभारी जल विभाग नगर निगम

# चोरी का मोबाइल खरीदने वाला वेंडर और बेचने वाला गिरफ्तार

**आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई, जब्त किए गए 6 मोबाइल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चोरी का मोबाइल खरीदी करने वाले स्टॉल के वेंडरों को पकड़ने के बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने दूसरे दिन बेचने वाले आरोपी को पकड़ा है। आरपीएफ ने आरोपियों के पास से 6 मोबाइल जब्त करने के बाद जीआरपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया है।



आरपीएफ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर संचालित होने वाले स्टॉल के वेंडरों को पकड़कर चोरी का मोबाइल जब्त किया था। वेंडरों ने मोबाइल को किसी अंजान व्यक्ति से खरीदी करने की जानकारी दी। वहीं पूछताछ के बाद आरपीएफ की टीम ने जीआरपी टीम के साथ पेट्रोलिंग के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से प्लेटफार्म पर घूमते हुए पकड़ा। पूछताछ में ओडिशा कोरापुट दशवंतपुर निवासी लेली खोसला पिता मीना खोसला 27 वर्ष ने बताया कि उसने दो मोबाइल रेलवे स्टेशन से चोरी किया था और बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। कुछ दिन पहले उसने दो मोबाइल स्टेशन के स्टॉल वेंडरों को बेचा था। मोबाइल चोर से मिले पहचान के बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने प्लेटफार्म नम्बर एक पर व्हीआईपी गेट के पास संचालित स्टॉल के वेंडर ग्राम गुहरा गेड़ी, भिंड मध्यप्रदेश निवासी शैलेन्द्र सिंह पिता अजमेर सिंह 23 साल के पास से दो मोबाइल और हीरागंज महेवाघाट कौशांबी उत्तरप्रदेश निवासी वेंडर राजेश कुमार पिता श्याम सुंदर 29 साल के पास से दो मोबाइल जब्त किया। आरोपियों को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है। जीआरपी ने चोरी का मोबाइल बेचने वाले आरोपी और खरीदी करने वाले स्टॉल के वेंडरों को पकड़कर धारा 303 (सी), धारा 35(1), 303(02), 317(02) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

### जेवर चोरी करने वाली महिला दो साल बाद गिरफ्तार

**बिलासपुर।** झाड़ फूंक के बहाने जेवर चोरी करने वाली फरार महिला को पुलिस ने दो साल बाद गिरफ्तार कर लिया है।

सीपत पुलिस के अनुसार, 8 दिसंबर 2023 को कुकदा निवासी मनीषा कांनगो पिता अनिल कांनगो ने झाड़फूंक करने के लिए जनकराम सौंरा उसकी पत्नी झुनिया बाई उर्फ शांति व एक अन्य महिला उनके घर आए थे। झाड़ फूंक के दौरान उनके घर की पेटी से 50 हजार रुपए नकद, पायल, बिछिया, सोने की फुल्ली, एक मासा, अंगूठी सहित ताला बंदकर पूजा करने के लिए उन्हें दिया। पूजा पाठ करने के बाद घरवालों को नीबू को घर के आंगन में गड़ाने के लिए भेज दिया। उसके बाद पेटी में दिया जलाकर कहा दिया जलते तक पेटी मत खोलना। दूसरे दिन सुबह घरवाले पेटी खोलकर देखे तो जेवर चोरी हो गई थी। दो साल से फरार चल रही चकरभाठा सौरा मोहल्ला निवासी झुनिया बाई उर्फ शांति पति स्व. जनकराम सौरा 55 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# पुलिस के नोडल अधिकारियों ने विवेचकों की ली क्लास

**बिलासपुर।** पुलिस के नोडल अधिकारियों के द्वारा विवेचकों की कार्यशाला आयोजित कर आईटीएमएस, सशक्त,नेट ग्रेड, नफीस एप की जानकारी दी गई है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर बिलासागुड़ी में विशेष प्रशिक्षण आयोजित कर बेहतर यातायात प्रबंधन एवं अपराधियों के निगरानी व धरपकड़ के संबंध में जिले के समस्त विवेचकों को पुलिस के विवेचना में सहयोगी विभिन्न तकनीकी प्रणालियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, नेशनल आटोमेटेड, फिंगरप्रिंट, आईडेंटिफिकेशन सिस्टम, नेशनल इंटेलिजेंस ग्रीड, सशक्त एप के बारे में विवेचक व आनलाइन के माध्यम से जुड़े थाना प्रभारियों व विवेचकां को प्रणालियों के बारे में सूक्ष्म विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाए जाने न सिर्फ मैन्युअल कार्रवाई की जाती है हाईटेक तकनीकी के माध्म से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर आनलाइन प्रणाली से सघन निगरानी रखते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। इंटीग्रेटेड कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर के माध्यम से उक्त सभी मैनेजमेंट केंद्रीय कृत रूप से संचालित किया जाता है। इस सिस्टम के डाटा सेंटर पर संकलित जानकारी के आधार पर अपराधियों के गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जाती है। यह प्रणाली न सिर्फ यातायात नियमों का पालन कराने एवं अपराध पर नकेल कसने उसके प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम पर भी कारगर होती है। ट्रैफिक एडीशनल एसपी रामगोपाल करियारे एवं स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के मैनेजर वाई श्रीनिवास ने विस्तारपूर्वक जानकारियां देकर विवेचकों को प्रशिक्षित किया है। इस दौरान नोडल अधिकारी मधुलिका सिंह, एडीशनल एसपी पंकज पटेल, सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, एवं थाना प्रभारी व गुजरात से आए पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

■ नफीस एप के बारे दी जानकारी

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9109956720 9926386660
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411